वर्ष - 35 | अंक 64 | www.skhnewstv.com | 12 सितम्बर 2024 फिरोजाबाद | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 1

दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति
SKH NEWS

R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)



अंदर के पेज
3 मंगल दलों के माध्यम से स्वच्छता पखवाड़ा अभियान को बनाया जाएगा सफल : गिरीश चन्द्र यादव
4 25 प्रतिशत कमजोर छात्रों को चिन्हित कर उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करेंगे: डा. मनोज द्विवेदी
5 न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन होगा पर्यावरण फ्रेंडली
6 भगवान श्रीकृष्ण की आल्हादिनी शक्ति हुई अवतरित, 11 क्विंटल पंचामृत से हुआ वृषभानु दुलारी का अभिषेक
7 जिलाधिकारी ने नगर पंचायत अध्यक्षों एवं ईओ के साथ स्थानीय निकायों के प्रगति की समीक्षा की

# देश का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम ग्लोबल चैलेंजेस को सॉल्यूशंस देगा : प्रधानमंत्री

## -प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 का किया शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा, 11 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के




ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम सेमीकंडक्टर से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत फोकस कर रहे हैं। भारत के लिए चिप का मतलब सिर्फ टेक्नोलॉजी भर नहीं है, हमारे लिए यह करोड़ों एस्पिरेशंस को पूरा करने का माध्यम है। भारत का फोकस अपने स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रेडी बनाने पर है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की नीतियों के कारण ही बहुत कम समय में 1.5 ट्रिलियन रुपये से ज्यादा के इन्वेस्टमेंट इस क्षेत्र में भारत में हो चुके हैं। भारत इस क्षेत्र में 360 डिग्री एप्रोच के साथ काम कर रहा है। हमारी सरकार भारत में पूरे सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन इकोसिस्टम को आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने इस साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला की प्राचीर से किए अपने संबोधन को उद्धृत करते हुए कहा कि हमारा सपना है कि दुनिया की हर डिवाइस में इंडियन मेड चिप हो। सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए जो भी जरूरी होगा, भारत वो सब करने वाला है। भारत का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम सिर्फ भारत के नहीं बल्कि ग्लोबल चैलेंजेस को भी सॉल्यूशंस प्रोवाइड करेगा। इससे पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्हें विभिन्न सेमीकंडक्टर आधारित उपकरणों एवं इनोवेशंस के विषय में जानकारी दी गई।

### आप सही समय पर सही जगह पर हैं

अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का 8वां देश है, जहां ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री से जुड़ा यह भव्य आयोजन हो रहा है। मैं कह सकता हूं कि आप सही समय पर सही जगह पर हैं। 21वीं सेंचुरी के भारत में द चिप्स आर नेवर डाउन और सिर्फ इतना ही नहीं, आज का भारत दुनिया को भरोसा देता है, व्हेन द चिप्स आर डाउन, यू कैन बेट ऑन इंडिया। मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर की दुनिया से जुड़े आप लोगों का नाता डायोड्स से जरूर पड़ता है। डायोड में एनर्जी सिर्फ एक डायरेक्शन में जाती है लेकिन भारत की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में स्पेशल डायोड लगे हुए हैं। यहां हमारी एनर्जी दोनों डायरेक्शन में जाती है। यह भी बहुत रोचक है। आप इनवेस्ट करते हैं और वैल्यू क्रिएट करते हैं, वहीं सरकार आपको स्टेबल पॉलिसी और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस देती है। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड सर्किट से जुड़ी हुई है। भारत भी आपको एक इंटीग्रेटेड इकोसिस्टम देता है।

### स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स को बनाएंगे सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रेडी

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के डिजाइनर्स और उनके जबर्दस्त टैलेंट को तो आप भलीभांति जानते हैं। डिजाइनिंग की दुनिया में 20 प्रतिशत टैलेंट का योगदान भारत करता है और इसका निरंतर विस्तार हो रहा है। हम 85 हजार टेक्नीशियंस, इंजीनियर्स और आरएंडडी एक्सपर्ट्स की सेमीकंडक्टर वर्कफोर्स तैयार कर रहे हैं। भारत का फोकस अपने स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रेडी बनाने पर है। हाल ही में नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की पहली बैठक हुई है। इस फाउंडेशन से भारत के रिसर्च इकोसिस्टम को एक नई दिशा भी मिलेगी, नई ऊर्जा भी मिलेगी। इसके अलावा भारत में वन ट्रिलियन रुपये का स्पेशल रिसर्च फंड भी बनाया गया है। ऐसे इनीशिएटिव से सेमीकंडक्टर और साइंस सेक्टर में इनोवेशन का दायरा बहुत ज्यादा बढ़ने वाला है।

### भारत में लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित करने में यह छोटी सी चिप बड़े काम आ रही है

सेमीकंडक्टर को लेकर भारत सरकार की नीतियों और निवेशकों की सहूलियत पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आपके पास एक थ्री डायमेंशनल पावर भी है। पहली, भारत की आज की रिफॉर्मिस्ट गवर्नमेंट। दूसरा, भारत में ग्रोइंग मैन्युफैक्चरिंग बेस और तीसरा, भारत का एस्पिरेशनल मार्केट। एक ऐसा मार्केट जो टेक्नोलॉजी का टेस्ट जानता है। उन्होंने कहा कि भारत की एस्पिरेशनल और टेक ओरिएंटेड सोसायटी बहुत ही यूनीक है। भारत के लिए चिप का मतलब सिर्फ टेक्नोलॉजी भर नहीं है, हमारे लिए यह करोड़ों एस्पिरेशंस को पूरा करने का माध्यम है। आज भारत चिप का बहुत बड़ा कंज्यूमर है। इसी चिप पर हमने दुनिया का सबसे बेहतरीन डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्ड किया है। भारत में लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित करने में आज यह छोटी सी चिप बड़े काम आ रही है। कोरोना जैसे महासंकट में जब दुनिया के मजबूत से मजबूत बैंकिंग सिस्टम भी चरमरा गए तब भारत में बैंक बिना रुके चल रहे थे। भारत का यूपीआई हो, रूपे कार्ड हो, डिजिलॉकर से लेकर डिजीयात्रा तक अलग-अलग तरह के डिजिटल प्लेटफॉर्म भारत के लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। आज भारत आत्मनिर्भर होने के लिए हर सेक्टर में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ा रहा है। आज भारत बड़े पैमाने पर ग्रीन ट्रांजिशन कर रहा है। आज भारत में डेटा सेंटर की डिमांड लगातार बढ़ रही है, यानि ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को ड्राइव करने में भारत बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है।

### भारत में 360 डिग्री एप्रोच के साथ हो रहा काम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक पुरानी प्रचलित कहावत रही है 'ले द चिप फॉल, व्हेयर दे में' यानी जो चल रहा है उसे वैसे ही चलने दिया जाए। आज का यंग और एस्पिरेशनल भारत इस भावना पर नहीं चलता। आज के भारत का मंत्र है इंक्रीजिंग द नंबर्स ऑफ चिप्स प्रोड्यूस इन इंडिया और इसलिए हमने सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को आगे बढ़ाने के लिए बहुत सारे कदम उठाए हैं। भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी लगाने के लिए 50 परसेंट सपोर्ट भारत सरकार दे रही है। हमारी राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर और मदद कर रही हैं। भारत की नीतियों के कारण ही बहुत कम समय में 1.5 ट्रिलियन रुपये से ज्यादा के इन्वेस्टमेंट इस क्षेत्र में भारत में हो चुके हैं। आज कई प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं। सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम भी एक अद्भुत योजना है। इसके तहत फ्रंट एंड फैब्स, डिस्प्ले फैब्स, सेमीकंडक्टर पैकेजिंग, कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स, सेंसर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग के लिए फाइनेंशियल सपोर्ट दिया जा रहा है। यानी भारत में 360 डिग्री एप्रोच के साथ काम हो रहा है। हमारी सरकार भारत में पूरे सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन इकोसिस्टम को आगे बढ़ा रही है। इस साल हमने लाल किले से कहा था कि हमारा सपना है कि दुनिया की हर डिवाइस में इंडियन मेड चिप हो। सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए जो भी जरूरी होगा भारत वो सब करने वाला है।

### आज का युग सिलिकॉन डिप्लोमेसी का युग

क्रिटिकल मिनरल्स को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि क्रिटिकल मिनिरल्स के डॉमेस्टिक प्रोडक्शन और इसके ओवरसीज एक्विजिशन के लिए हमने कुछ दिन पहले क्रिटिकल मिनरल मिशन की घोषणा की है। क्रिटिकल मिनरल्स को कस्टम ड्यूटी से छूट देना हो, ब्लॉक्स की, माइनिंग की ऑक्शन हो, इन सब पर तेजी से काम हो रहा है। इतना ही नहीं, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस में एक सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर बनाने में भी काम कर रहे हैं। हम आईआईटी के साथ पार्टनरशिप कर रहे हैं, ताकि हमारे इंजीनियर्स न सिर्फ अभी के लिए हाईटेक चिप बनाएं बल्कि नेक्स्ट जेन चिप पर भी रिसर्च करें।

हम इंटरनेशनल कोलाबरेशन को भी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने ऑयल डिप्लोमेसी का नाम सुना है, आज का युग सिलिकॉन डिप्लोमेसी का युग है। इसी साल भारत इंडो पैसिफिक इकॉनमिक फ्रेमवर्क की सप्लाई चेन काउंसिल का वाइस चेयर चुना गया है। हम क्वॉड सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन इनीशिएटिव के भी बड़े पार्टनर हैं। हाल ही में हमने जापान और सिंगापुर समेत कई देशों के साथ एग्रीमेंट भी साइन किए हैं। इस सेक्टर में अमेरिका के साथ भी भारत अपना सहयोग लगातार बढ़ा रहा है।

### भारत सेमीकंडक्टर चिप और उनके फिनिश गुड्स भी बनाएगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया मिशन का लक्ष्य देश को एक ट्रांसपेरेंट, इफेक्टिव और लीकेज फ्री गवर्नेंस देना था और आज हम इसके मल्टीप्लायर इफेक्ट को महसूस कर रहे हैं। एक दशक पहले हम मोबाइल फोन्स के बड़े इंपोर्टर्स में एक थे और आज हम दुनिया के नंबर 2 प्रोड्यूसर और एक्सपोर्टर हैं। अभी एक ताजा रिपोर्ट आई है कि आज भारत 5जी हैंडसेट्स का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट बन चुका है। दो साल पहले ही हमने 5जी रोलआउट शुरू किया था और आज देखिए हम कहां से कहां पहुंच चुके हैं। आज भारत का इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर 150 बिलियन डॉलर से भी ज्यादा का हो चुका है और अब तो हमारा लक्ष्य और भी बड़ा है। इस दशक के अंत तक हम अपने इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर को 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना चाहते हैं। इससे भारत के युवाओं के लिए करीब 6 मिलियन यानि 60 लाख जॉब्स क्रिएट होंगी।

भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर को भी इसका बहुत अधिक फायदा होगा। हमारा लक्ष्य है कि इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग का शत प्रतिशत काम भारत में ही हो यानि भारत सेमीकंडक्टर चिप भी बनाएगा और उनके फिनिश गुड्स भी बनाएगा। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हो, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हो या सेमीकंडक्टर हो, हमारा फोकस एकदम क्लियर है। हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते हैं, जो संकट के समय भी रुके नहीं, ठहरे नहीं, निरंतर चलती रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव, जितिन प्रसाद, सांसद महेश शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के दुनिया भर से पधारे ग्लोबल लीडर्स, सीईओज और विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# भारत और फिलीपींस ने एक-दूसरे को रक्षा सहयोग के लिए आमंत्रित किया

## -मनीला में जेडीसीसी की पांचवीं बैठक में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली, 11 सितम्बर (हि.स.)। भारत और फिलीपींस ने संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की पांचवीं बैठक में रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य हासिल करने के लिए एक-दूसरे का समर्थन करने पर सहमति जताई। मनीला में बुधवार को रक्षा सचिव गिरिधर




अरमाने ने फिलीपींस को भारतीय रक्षा उद्योग के साथ साझेदारी करने के लिए आमंत्रित किया। बैठक की सह अध्यक्षता उनके समकक्ष फिलीपींस के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अवर सचिव इरिनियो क्रूज एस्पिनो ने की।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। रक्षा सचिव अरमाने ने फिलीपींस सरकार के सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए आत्मनिर्भर रक्षा मुद्रा अधिनियम को सराहा। उन्होंने कहा कि भारत ने भी ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न के लिए इसी तरह का दृष्टिकोण रखा है। इस दृष्टिकोण के तहत भारतीय रक्षा उद्योग लगातार अपनी विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर दुनिया को उपकरण निर्यात कर रहा है। उन्होंने व्हाइट शिपिंग सूचना एक्सचेंज के संचालन और निकट भविष्य में मनीला में भारतीय दूतावास में रक्षा विंग खोलने की सराहना की।

रक्षा सचिव ने फिलीपींस को भारतीय रक्षा उद्योग के साथ उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन में भागीदारी करने के लिए आमंत्रित किया। इस पर फिलीपींस ने भी सुनिश्चित आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक इक्विटी साझेदारी में निवेश के लिए भारत को आमंत्रित किया। फिलीपींस ने रक्षा उद्योग के स्वदेशीकरण के लिए भारत की कार्यप्रणाली को स्वीकार किया और उसकी सराहना की। दोनों पक्षों ने रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य हासिल करने के लिए एक-दूसरे का समर्थन करने पर सहमति जताई।

आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में फिलीपींस का स्वागत करते हुए रक्षा सचिव ने बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इस यात्रा के दौरान रक्षा सचिव ने फिलीपींस के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री गिल्बर्ट एडुआर्डो गेरार्डो कोजुआंगको टेओडोरो जूनियर से भी मुलाकात की। इससे पहले फिलीपींस के सशस्त्र बलों के मुख्यालय में पूरे सम्मान के साथ उनका स्वागत किया गया।

जेडीसीसी का गठन भारत और फिलीपींस के बीच 2006 में हस्ताक्षरित रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन के दायरे में किया गया है।

राजनयिक संबंधों के 75वें वर्ष और एक्ट ईस्ट नीति के 10 वर्षों में जेडीसीसी की सह-अध्यक्षता को सचिव स्तर तक उन्नत किया गया है।

# भारत की भौगोलिक स्थितियों में अलग-अलग सुरक्षा चुनौतियां : राजनाथ

## -सरकार और सेनाएं देश के सीमावर्ती इलाकों के विकास को लेकर प्रतिबद्ध- पिछले 4 सालों में 7,000 से अधिक सीमावर्ती गांवों को इंटरनेट से जोड़ा गया

नई दिल्ली, 11 सितम्बर (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को भारत की भौगोलिक स्थितियों में अलग-अलग सुरक्षा चुनौतियों की चर्चा करते हुए सीमावर्ती इलाकों के बुनियादी विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत दक्षिण में तीन ओर समुद्र से घिरा हुआ है, जहां की परिस्थितियां अलग हैं। पश्चिम में कच्छ के रण से लेकर, राजस्थान और पंजाब में चुनौतियां अलग हैं। उत्तर में कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर तक हिमालय के होने के कारण वहां चुनौतियां अलग हैं। यानी हर जगह अलग-अलग तरीके का भूगोल होने से उनकी अलग-अलग चुनौतियां हैं और उसके अनुसार हमें वहां के विकास पर ध्यान देना होता है।

नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्री ने कहा कि यह आयोजन दिखाता है कि हमारी सरकार और हमारी सेनाएं देश के सीमावर्ती इलाकों के विकास को लेकर कितनी प्रतिबद्ध हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस कॉन्क्लेव के दौरान हम सब इससे संबंधित सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करेंगे। यहां से ऐसी बातें निकलेंगी, जो देश के सीमावर्ती इलाकों के साथ-साथ हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे देश के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होंगी। पिछले 10 वर्षों में सीमावर्ती क्षेत्रों में साढ़े आठ हजार किलोमीटर से भी अधिक सड़कों का निर्माण हुआ है। लगभग चार सौ किलोमीटर से अधिक स्थायी पुलों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा बनाई गई सुरंगें सीमा क्षेत्र विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र




विकास के लिए हमारी सरकार ने 220 किलो वोल्ट की श्रीनगर-लेह बिजली लाइन चालू की है, जिससे लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्र नेशनल इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड से जुड़ पाए। इसके साथ-साथ सिक्किम सहित उत्तर-पूर्वी राज्यों के ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। हमारा यह मानना है कि सड़क और बिजली ऐसी बुनियादी सुविधाएं हैं, जो किसी भी क्षेत्र के विकास की नींव बनती हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर लॉन्च करते हुए हमने भारत-नेट ब्रॉडबैंड प्रोजेक्ट के माध्यम से 1500 से अधिक गांवों में हाई-स्पीड इंटरनेट का वादा किया है। सिर्फ पिछले 4 सालों में ही हमने 7,000 से अधिक सीमावर्ती गांवों को इंटरनेट से जोड़ा है और इनमें भी हमारा ज्यादातर फोकस लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश के संवेदनशील इलाकों पर रहा है।

राजनाथ सिंह ने सीमावर्ती इलाकों के विकास में सेना का सहयोग सराहनीय बताते हुए कहा कि उत्तरी सीमा पर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश के गांव कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचा की कमी से जूझ रहे हैं। इन गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर एक 'मॉडल विलेज' के रूप में परिवर्तित करना हमारा उद्देश्य है।

उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के गांव 'हुरी' का उदाहरण देते हुए कहा कि यह गांव नागरिक-सैन्य सहयोग के माध्यम से विकसित होने का अनोखा उदाहरण है। यहां तरफ भारत सरकार और अरुणाचल प्रदेश की सरकार ने आर्थिक विकास पर ध्यान दिया तो दूसरी तरफ सीमा सड़क संगठन और भारतीय सेना ने बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान दिया। इसका परिणाम यह निकला कि 'हुरी' गांव से पलायन करने वाले ग्रामीण अब फिर वापस आने लगे हैं।

# भाजपा और लोकसभा अध्यक्ष ने जयंती पर विनोबा भावे को किया नमन

नई दिल्ली, 11 सितंबर (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज विश्व विख्यात भूदान आंदोलन के प्रणेता आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण किया। भाजपा और बिरला ने एक्स हैंडल पर उन्हें नमन करते हुए विचार साझा किए हैं। भाजपा ने लिखा है, ''भूदान आंदोलन के प्रणेता, महान विचारक एवं स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर शत्-शत नमन।'' उल्लेखनीय है कि 11 सितंबर, 1895 को महाराष्ट्र में जन्मे आचार्य विनोबा का असल नाम विनायक नरहरि भावे था। विनोबा भावे वर्ष 1958 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय और भारतीय व्यक्ति हैं। उन्हें 1983 में मरणोपरांत भारत रत्न से अलंकृत किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लिखा है,'' भूदान आंदोलन के माध्यम से आचार्य विनोबा भावे ने देश के वंचित-भूमिहीन वर्ग को उनके अधिकार दिलाए। समानता की ऐसी संकल्पना रची जिसमें भूमिपतियों ने निर्धन जन की चिंता की, तथा उनके हित में अपनी भूमि का दान किया।'' उन्होंने लिखा, ''अपने संकल्प के लिए वे हजारों मील पैदल चले, जाड़े में, गर्मियों में, वर्षा में, धूप में। सेवा के बल पर उन्होंने करोड़ों लोगों के हृदय में अपना स्थान बनाया। उनकी प्रेरणा से लाखों एकड़ भूमि भूमिहीनों को दान की गई। एक दिन उम्मीद से ज्यादा भूमि दान हुई। हिसाब लगाते-लगाते उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई। वे बोले, "आज इतनी जमीन हाथ में आई है, लेकिन देखो, कहीं हाथ में मिट्टी चिपकी तो नहीं!" जिनके आह्वान पर लाखों एकड़ भूमि दान हुई हो, लेकिन उनकी चिंता थी कि स्वयं के हाथ में मिट्टी का एक कण भी चिपका न रहे। जनसेवा में समर्पण का ऐसा निःस्वार्थ भाव अतुलनीय है। महान स्वाधीनता सेनानी, समाज सुधारक और भूदान आंदोलन के प्रणेता भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे जी की जयंती पर मैं उन्हें नमन करता हूं।''

# दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के झटके, इसकी तीव्रता 5.8 रही

इस्लामाबाद, 11 सितंबर (हि.स.)। दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को करीब एक बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान बताया जा रहा है। पाकिस्तान के साथ हरियाणा और पंजाब सहित भारत के कई राज्यों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत में लोग घरों से बाहर निकल आए।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार आज दोपहर 12.58 मिनट पर रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता वाला भूकंप आया। इस भूकंप का केन्द्र पाकिस्तान में जमीन से 33 किलोमीटर नीचे था। पाकिस्तानी समाचार पत्रों के अनुसार भूकंप का केन्द्र डेरा गाजी खान था। इससे अब तक किसी भी प्रकार के नुकसान की कोई खबर नहीं है। स्थानीय समाचार पत्रों के अनुसार अधिकारियों का कहना है कि भूकंप के बाद किसी भी तरह के नुकसान से निपटने के लिए पाकिस्तान सरकार पूरी तरह से तैयार है।

इस भूकंप के झटके के बाद दिल्ली और एनसीआर में भी बहुत से लोग दहशत के कारण अपने-अपने घरों और आफिसों से बाहर निकल आए। वे भूकंप को लेकर आपस में चर्चा करने के साथ अपनों से फोन कर उनका हालचाल लेते दिखो। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में दो सप्ताह पहले भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

## सम्पादकीय

# राहुल का भारत विरोध

यह कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की पुरानी आदत है। यह उनकी राजनीति का हिस्सा भी है अथवा कुछ विदेशी ताकतें ऐसा करने को उन्हें उकसाती रही हैं। करीब 7-8 साल से राहुल गांधी विदेशी सरजमीं से भारत के खिलाफ विषवमन करते रहे हैं। यदि वह आरएसएस, भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ ही टिप्पणियां करें, तो उन्हें राजनीति मान कर नजरअंदाज किया जा सकता है, लेकिन वह भारत-विरोध की तथ्यहीन, अज्ञानी, अपरिपक्व टिप्पणियां करेंगे, तो बेशक उसे ह्यदेश-विरोधह्ल ही समझा जाए और सरकार गंभीरता से ग्रहण कर निर्णय ले और उचित कार्रवाई करे। अब राहुल गांधी महज एक सांसद ही नहीं, बल्कि लोकसभा में ह्यनेता प्रतिपक्षह्ल हैं। वह संवैधानिक पद पर हैं और ऐसे राजनेता को ह्यछाया प्रधानमंत्रीह्ल आंका जाता है। यदि एक संवैधानिक व्यक्ति ही देश को अपमानित करेगा, चीन की तुलना में ह्यबौनाह्ल करार देगा और गलत तुलनात्मक विश्लेषण करेगा, तो यह देश, समाज और सरकार को उसे ह्यअक्षम्यह्ल मानना चाहिए। ऐसा व्यक्ति देश, संविधान और कानून से ऊपर नहीं है। आजकल राहुल गांधी अमरीका में हैं। वह साक्षात्कार दे रहे हैं और विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित कर रहे हैं। क्या गलत तथ्य पेश कर रहे हैं और नई पीढ़ी को भ्रमित कर रहे हैं? दरअसल भारत के बारे में उनकी सोच ही गलत और पूर्वाग्रही है। वह भारत के मूल विचार को ही नहीं जानते। उनके अनुसार, भारत विचारों की विविधता वाला देश है। अमरीका की तरह राज्यों का संघ है। शायद उन्होंने संविधान के अनुच्छेद एक में जो परिभाषा दी गई है, उसे नहीं पढ़ा। पढेंगे नहीं, तो समझेंगे कैसे? उसमें भारत को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र परिभाषित किया गया है। संघीय चरित्र और ढांचा होने के कारण उस राष्ट्र में कई राज्य भी हैं, लेकिन वे निरंकुश नहीं हैं। भारत सरकार ही संवैधानिक तौर पर उन्हें संचालित करती है। अलबत्ता राज्यों को भी कुछ अधिकार दिए गए हैं। बहरहाल राहुल गांधी ने दूसरा मुद्दा रोजगार का उठाया और दावा किया कि चीन, वियतनाम आदि कुछ देशों में ह्यबेरोजगारी की समस्याह्ल ही नहीं है, जबकि अमरीका समेत पश्चिमी देशों और भारत में बेरोजगारी एक विकट समस्या है। यहां विश्व बैंक के आंकड़े गौरतलब लगते हैं, क्योंकि 2023 में चीन की बेरोजगारी दर 4.7 फीसदी थी, जबकि भारत में यही दर 4.2 फीसदी थी। यानी चीन में बेरोजगारी, भारत की तुलना में, अधिक रही है।

वहां का एक ही उदाहरण पर्याप्त है कि 2 लाख नौकरियों के लिए करीब 77 लाख चीनियों ने आवेदन किया था। हम मानते हैं कि उत्पादन के क्षेत्र में चीन वैश्विक स्तर पर प्रभुत्व की स्थिति में है, लेकिन भारत भी आज ह्यएप्पलह्ल और ह्यआईफोन 16ह्ल सरीखे अंतरराष्ट्रीय उत्पादों को बना रहा है। अब दुनिया भर में यही भारत-निर्मित उत्पाद सप्लाई किए जाएंगे और उन पर ह्यमेक इन इंडियाह्ल अंकित होगा। सवाल है कि विदेशी मंचों पर राहुल गांधी, भारत के बारे में, गलत तथ्य पेश क्यों करते रहे हैं? यही नहीं, उन्होंने यहां तक कहा कि भारतीय राजनीतिक प्रणालियों और पार्टियों में प्रेम, सम्मान और विनम्रता का अभाव है। यदि ऐसा है, तो राहुल की पार्टी कांग्रेस भी इसी जमात में शामिल है, क्योंकि वह तो देश की सबसे पुरानी पार्टी है। गजब बयान तो यह रहा, जब राहुल गांधी ने देवता और भगवान की परिभाषा ही बदल दी। परोक्ष रूप से उन्होंने सनातन धर्म की गरिमा को खंडित किया है। राहुल का आरएसएस के प्रति विद्वेष सनातन रहा है। दरअसल वह संघ को न तो जानते हैं और न ही उसकी गहनता तक कभी देख पाएंगे। राहुल समेत कांग्रेस में एक तबके का मानना है कि संघ और भाजपा पारंपरिक तौर पर महिला-विरोधी हैं। राहुल ह्यदुगार्वाहिनीह्ल की भूमिका नहीं जानते, जो संगठन संघ के साथ काम करता रहा है। उसकी महिलाओं ने सहकारी और स्व सहायता समूहों के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किए हैं। भाजपा में भी महिला मोर्चा है, जिसमें लाखों महिलाएं सक्रिय हैं। भाजपा का गठन 1980 में हुआ था, जिसकी अभी तक 4 महिला मुख्यमंत्री बन चुकी हैं और सबसे पुरानी पार्टी की 5 ही महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। चलो, यह लड़ाई उनकी परंपरागत है। हमारा सरोकार भारत के संदर्भ में है। क्या विषवमन जारी रहना चाहिए?

# अपराजिता' बनने के लिए पहले घरों और कार्यस्थलों को सुरक्षित बनाना होगा

प्रियंका सौरभ

हर जघन्य यौन अपराध के बाद सजा-ए-मौत का शोर उठना और अध्यादेश जारी करके या विधेयक पारित करके इसे मान लेना, काफी आम हो गया है। दिल्ली में एक महिला से वहशियाना दुष्कर्म के बाद 2013 में आपराधिक कानूनों में बदलाव किया गया। उसके बाद, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश समेत कई राज्यों ने यौन हमले के लिए बढ़ी हुई सजा की खातिर संशोधन किए। अब पश्चिम बंगाल में अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, 2024 में यौन अपराधों के लिए दंड बढ़ाने का प्रावधान किया गया है, खास तौर पर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए। विधेयक में बलात्कार के विशिष्ट मामलों के लिए अनिवार्य मृत्युदंड और त्वरित जांच जैसे कड़े उपाय प्रस्तुत किए गए हैं। यह किसी बड़ी आपराधिक घटना के बाद जन आक्रोश पर पश्चिम बंगाल की विधायी प्रतिक्रिया को उजागर करता है, जिसका उद्देश्य कानूनी ढांचे को मजबूत करना और त्वरित न्याय सुनिश्चित करना है।

विधेयक में दुष्कर्म पीड़िता की मृत्यु होने अथवा मरणासन्न अवस्था में पहुंचने पर मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है , जिससे निवारक प्रभाव और अधिक बढ़ जाएगा। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि यौन अपराधों की जांच 21 दिनों के भीतर पूरी की जाए , जिसका उद्देश्य न्याय में तेजी लाना है। विधेयक पीड़ितों की पहचान की सुरक्षा को मजबूत करता है, तथा खुलासा करने पर 3-5 वर्ष के कारावास का प्रावधान करता है। विधेयक में यौन हिंसा के मामलों के लिए समर्पित विशेष न्यायालयों की स्थापना का प्रस्ताव है , जिससे कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। विधेयक, नाबालिगों के यौन शोषण से जुड़े मामलों को लक्षित करता है , कठोर दंड और बढ़ी हुई निगरानी लागू करता है। विधेयक, पुनर्वास और सामाजिक सुधारों के बजाय दंडात्मक कार्रवाइयों को अधिक प्राथमिकता देता है, तथा गहन प्रणालीगत मुद्दों की उपेक्षा करता है। कठोर दंड के बावजूद यौन अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो विशुद्ध दंडात्मक कानूनों के सीमित प्रभाव को दशार्ता है। विशेष न्यायलयों की स्थापना से मौजूदा न्यायिक ढाँचे पर दबाव पड़ सकता है, जिससे संभावित रूप से प्रक्रियागत देरी हो सकती है। निर्भया के बाद शुरू की गई फास्ट-ट्रैक कोर्ट को भी बोझिल कानूनी व्यवस्था और संसाधनों की कमी के कारण, इसी तरह की देरी का सामना करना पड़ा।

निवारक के रूप में मृत्यु दंड के उपयोग पर व्यापक रूप से बहस हुई है, परंतु इसकी प्रभावशीलता के साक्ष्य, सीमित हैं। वर्मा समिति की रिपोर्ट ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मृत्यु दंड से यौन अपराधों में पर्याप्त कमी नहीं आती है, इसलिए अधिक प्रभावी समाधानों की आवश्यकता है। यह विधेयक केंद्रीय कानून के साथ संभावित संघर्ष उत्पन्न करता है, जिससे कानूनी चुनौतियों के कारण कार्यान्वयन में देरी होने की संभावना है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 254 के अनुसार ऐसे संशोधनों के लिए राष्ट्रपति की स्वीकृति आवश्यक है, जिससे कानून का लागू होना जटिल हो जाता है।

विधेयक यौन हिंसा पर शिक्षा या जन जागरुकता अभियान जैसे निवारक उपायों को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं करता है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रम जागरूकता और रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो ऐसे अपराधों को कम करने के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

पीड़ितों के लिए सशक्त पुनर्वास और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रणालियां शुरू करना दंडात्मक उपायों का पूरक होगा। यौन अपराध के मामलों से निपटने में होने वाली देरी को कम करने के लिए न्यायिक बुनियादी ढांचे को अधिक संसाधन आवंटित करना आवश्यक है। भारत सरकार द्वारा ई-कोर्ट परियोजना का उद्देश्य न्यायपालिका को डिजिटल बनाना है, जिससे मामलों का तेजी से निपटारा हो सके। स्कूली बच्चों और आम जनता को लक्षित करके जागरूकता अभियान चलाकर यौन हिंसा के मूल कारणों को संबोधित करते हुए इस तरह की घटनाओं को कम करने में मदद मिल सकती है। सखी वन स्टॉप सेंटर पहल शिक्षा और जागरुकता प्रदान करती है, जिससे महिलाओं को अपराधों की जल्द रिपोर्ट करने का अधिकार प्राप्त होता है। राज्य के कानूनों का, केंद्रीय ढांचे के साथ सामंजस्य होने से सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित होता है और अनावश्यक संघर्ष से बचा जा सकता है।

केरल में राज्य की पहलों के साथ पोक्सो का सफल संरेखण, एक सहयोगी दृष्टिकोण के लाभों को दशार्ता है। स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण और लिंग संवेदीकरण जैसे दीर्घकालिक निवारक उपायों को शुरू करने से यौन हिंसा को रोकने में मदद मिल सकती है। दिल्ली पुलिस निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है, जिसे पूरे देश में लागू किया जा सकता है। अपराजिता विधेयक पश्चिम बंगाल में यौन हिंसा को संबोधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सार्वजनिक आक्रोश के प्रति विधायी प्रतिक्रिया को दशार्ता है। हालांकि, प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जो दंडात्मक उपायों को पुनर्वास , सार्वजनिक जागरूकता और बुनियादी ढांचे के समर्थन के साथ जोड़ता है । राज्य और केंद्र के बीच एक समन्वित प्रयास, महिलाओं और बच्चों के लिए स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा तथा दीर्घकालिक सामाजिक परिवर्तन और उन्नत सुरक्षा को बढ़ावा देगा।

इस बात के बहुत कम सबूत हैं कि मौत की सजा देने से यौन अपराध थम जाते हैं, लेकिन ऐसे अपराधों के बाद ज्यादा कठोर कानूनों की मांग पर अक्सर एक आधिकारिक प्रतिक्रिया होती है। यह कहकर कि ह्लबलात्कार मानवता के लिए अभिशाप है और ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक सुधारों की जरूरत है, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी हर सरकार की है कि कानून प्रभावी ढंग से लागू किए जाएं और यौन हमलों को रोकने व दंडित करने के लिए पुलिस बिना पक्षपात के काम करे। अगर महिलाओं के लिए पहले घरों व कार्यस्थलों को महफूज बनाकर उनके आगे बढ़ने की राह से अवरोध हटाए जाएं, तो इंसाफ और अच्छे से दिया जा सकेगा।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## जिलाधिकारी ने गुलदार से जान बचाने वाले सहासी युवक को 21 हजार का चेक दिया

बिजनौर, 11 सितम्बर (हि.स.)` जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को अपने भाई को गुलदार से बचाने के लिए सम्मान स्वरूप अशरफ बहादुरी और साहस के लिए 21 हजार का चेक देकर पुरस्कृत किया है। यह चेक रेडक्रॉस सोसाएटी की ओर से प्रदान किया गया है।

जिलाधिकारी ने इस दौरान बताया कि अशरफ (18) पुत्र जाहिद ग्राम सैदपुर उर्फ नाईपुरा, पोस्ट सब्दलपुर रेहरा, मुण्ढाल, तहसील चांदपुर के द्वारा गन्ने के खेत में घुसकर साहस और बहादुरी से अपने भाई यासिफ की जान बचाई और उसे खेत से सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि युवक अशरफ की इस दिलेरी के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 पी0आर0 नायर मौजूद थे।

वहीं धनराशि का चेक दिए जाने पर विवाद गहरा गया है। रेडक्रॉस सोसाइटी के धन का गलत दुरपयोग किये जाने का आरोप पूर्व कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार मारवाड़ी ने लगाते हुए कहा है कि नियमानुसार रेडक्रॉस सोसाइटी का पैसा इलाज, दवाओं अथवा प्राकृतिक आपदाओ में ही लगाया जा सकता है।

जिला प्रशासन द्वारा इस सोसाइटी के धन से पुरस्कार राशि दिये जाने को गलत बताया है। उन्होंने इस मामले की शिकायत राज्यपाल से किये जाने की बात भी कही है।

## आज का राशिफल

मेष : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यो की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-4-6-7

वृष : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

मिथुन : आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवासए मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6

कर्क : उच्चमनोबल रखकर कार्य करेंए सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5

सिंह : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8

कन्या : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

तुला : संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनावए अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

धनु : कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8

मकर : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7

कुंभ : बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6

मीन : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

# मणिपुर की आग में अमेरिकी हाथ ?

राकेश दुबे

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कुछ स्पष्ट बातें कही थीं जिसकी दुनिया भर में चर्चा हो रही थी। उनका कहना था कि अमेरिका ने बांग्लादेश में कुछ देश विरोधी ताकतों को उनके पद से हटाया है, लेकिन उनके अनुसार अमेरिका बांग्लादेश से सेंट मार्टिन नामक टापू लीज पर मांग रहा था और वह ऐसा करने के लिए तैयार नहीं थीं। इसलिए अमेरिका ने सारी साजिश रची। शेख हसीना के इस रहस्योद्घाटन की देश-विदेश में खूब चर्चा हुई। इसके साथ इस पूर्व प्रधानमंत्री ने एक दूसरा रहस्योद्घाटन भी किया। उसके अनुसार अमेरिका चिटगांव, भारत के कुकी बहुल इलाकों और म्यांमार के कुकी बहुल काचिन प्रदेश को मिला कर पूर्वोत्तर भारत में एक ईसाई देश का गठन करने का प्रयास कर रहा है। आश्चर्य है कि विदेशी मीडिया ने शेख हसीना के इस पदार्फाश की अवहेलना की, लेकिन उससे भी बड़ा आश्चर्य यह है कि भारत का मीडिया भी इस विषय पर एकदम से खामोशी का शिकार हो गया। पूर्वोत्तर भारत के कुकी बहुल इलाके कौनसे हैं? उनमें सबसे पहले तो मणिपुर का विशाल पर्वतीय क्षेत्र है जहां कुकी समुदाय का बाहुल्य है। मणिपुर का पड़ोसी प्रदेश मिजोरम है।

मिजोरम के निवासी ह्यजोह्ल भी कुकी समाज का हिस्सा ही माने जाते हैं। इसका अर्थ हुआ कि मिजोरम और मणिपुर में मैतेयी बहुल इम्फाल घाटी को छोड़कर शेष सारा मणिपुर कुकी समुदाय का इलाका माना जाता है। मिजोरम और मणिपुर के पड़ोस में म्यांमार लगता है। म्यांमार का काचिन प्रदेश कुकी बहुल प्रदेश है। इस काचिन प्रदेश को म्यांमार से अलग करने के लिए विद्रोही समय समय पर आघात करते रहते हैं। मणिपुर में कुकी विद्रोह से पहले म्यांमार का काचिन प्रदेश विद्रोहियों के कब्जे में आ गया था। उसके बाद ही मणिपुर में गड़बड़ शुरू हुई।

म्यांमार में पहाड़ी क्षेत्र में पिछले कई सालों से अलगाववादी आंदोलन चल रहा है। पहाड़ी क्षेत्र में अंग्रेजों के शासन काल में ही विदेशी ईसाई मिशनरियां सक्रिय हो गई थीं। अब तक उन्होंने पूरे पहाड़ी क्षेत्र की जनजातियों को मतांतरित करके ईसाई बना लिया है। इन मतान्तरित क्षेत्रों में चिन कुकी बहुल चिन प्रदेश भी शामिल हैं। वहां से कुकी निरन्तर मणिपुर में आते जाते रहते हैं। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने सत्ता गंवाने से ठीक पहले कुकी बहुल क्षेत्र की पहचान को पुख्ता व स्पष्ट स्थापित करने के लिए पूरे मणिपुर का नक्शा ही बदल दिया था। उसने अनेक जिलों को इस प्रकार विभाजित किया ताकि कुकी बहुल जिलों का निर्माण किया जा सके। इसी प्रकार बंग्लादेश के चिटागांव से कुकी विद्रोही आघात प्रत्याघात करते रहते हैं।

एक दूसरा तथ्य भी ध्यान में रखना होगा। मिजोरम, मणिपुर, चिटागांव और म्यांमार के चिन प्रदेश के कुकी शत-प्रतिशत अपनी विरासत छोडकर ईसाई मत में जा चुके हैं। मणिपुर-मिजोरम-चिटगांव-चिन क्षेत्र के कुकी समाज को कुकी-जो-चिन के नाम से भी जाना जाता है। दरअसल अंग्रेज भारत से जाने के पहले 1947 में ही भारत को घेरने की योजना पर काम कर रहे थे। पूर्वोत्तर भारत में एक ईसाई देश बनाने की योजना थी जिसे कूपलैंड योजना कहा जाता था और पश्चिमोत्तर भारत में एक मुसलमान देश बनाने की योजना थी जिसे जिन्ना योजना कहा जाता था। जिन्ना योजना तो पश्चिमोत्तर भारत की राजनीति का हिस्सा बन गई, लेकिन कूपलैंड योजना में अभी ब्रिटिश साम्राज्यवादी रंग भर ही रहे थे कि द्वितीय विश्व युद्ध का अन्त हो गया और अंग्रेजों को इस योजना को अधूरी छोड़ कर जाना पड़ा। असम के उस समय के राज्यपाल राबर्ट नायल राईड्स ने 1941 में ही शिलांग की एक गोपनीय बैठक में इस योजना का खुलासा करते हुए कहा था कि ह्यबर्मा के काचिन क्षेत्र और भारत के पूर्वोत्तरीय पहाड़ी क्षेत्र को अलग करके ऐसा नया देश बनाने की योजना है जिस पर इंग्लैंड का शासन हो।

अंग्रेज जानते थे कि जिन्ना योजना से पैदा होने वाले देश पाकिस्तान पर वे प्रत्यक्ष शासन नहीं कर पाएंगे। वहां तो रणनीतिक साझेदारी ही हो सकती है। बर्मा और भारत के एक हिस्से को काट कर बनाए गए नए ईसाई देश को वे अपना उपनिवेश बना सकेंगे। भारत की पूर्वोत्तर सरहद पर नया देश बनाने की इच्छा पूरी होने से पहले ही अंग्रेजों को यहां से जाना पड़ा।

एक दशक पहले कांग्रेस सरकार ने मणिपुर में कुकी क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए नए जिले क्या कुकी क्षेत्रों को मणिपुर से अलग करने के लिए ही गठित किए थे? इसमें तो कोई शक नहीं कि बर्मा के काचिन क्षेत्र में कुकी समुदाय के लोगों को ईसाई बनाने के काम में लगी मिशनरियों को अमेरिका से धन ही नहीं, अन्य प्रकार की सहायता भी मिल रही है। एक प्रश्न जरूर पूछा जा सकता है कि अमेरिका को इस नए ईसाई देश से क्या फायदा होगा? जिस प्रकार अन्तरराष्ट्रीय राजनीति में बदलाव होता रहता है, उसी परिप्रेक्ष्य में विभिन्न देशों के स्वार्थ और रिश्ते बदलते रहते हैं।

आज अमेरिका, चीन और भारत दोनों पर नजर रखना चाहता है। चीन भी आर्थिक क्षेत्र में अमेरिका को टक्कर देने की दिशा में बढ़ने का प्रयास कर रहा है।

भारत का मामला उससे भी पेचीदा है। यह ठीक है कि अमेरिका और भारत की किसी स्तर पर भी समानता नहीं है, आज अमेरिका समेत पूरे यूरोप में जो ह्यसभ्यताओं का संघर्षह्ल चला हुआ है उसमें भविष्य में भारत का पलड़ा भारी हो सकता है। इसलिए अमेरिका को राजनीतिक रूप से अस्थिर भारत अनुकूल लगता है।

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।)

# वक्फ संपत्तियों की कानूनी निगरानी से बढ़ेगी पारदर्शिता

शक्तिसिंह परमार

ऑल इंडिया मुस्लिम पसर्नल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह रहमानी वक्फ बोर्ड संशोधन बिल 2024 के विरोध में तर्क दे रहे हैं कि कोई आदमी जामा मस्जिद के दस्तावेजी साक्ष्य मांगे तो क्या 400-500 साल पहले बनी इमारत के दस्तावेज दिखाए जा सकते हैं..? लेकिन सैफुल्लाह इस पर क्या कहेंगे कि जब तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में 1500 साल प्राचीन सुंदरेश्वर मंदिर मामले में एक आदमी 1.2 एकड़ जमीन बेचने गया तो उसे वक्फ की जमीन कैसे बता दिया..? फिर पूरा गांव वक्फ की संपत्ति कैसे घोषित हो गया...?

केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2024 पेश कर दिया है। पक्ष-विपक्ष की सहमति के बाद जेपीसी का गठन भी हो चुका है। जेपीसी ने पहली दो बैठकों के बाद आमजन से वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम को लेकर राय मांगी है। कहने का तात्पर्य यह है कि वर्ष 1995 में वक्फ एक्ट में बदलाव किया गया था और प्रत्येक राज्य/केन्द्र शासित प्रदेशों में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति दी गई थी। अब वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम 2024 में कुल 44 संशोधन हैं। 63 एडिशन भी अतिरिक्त जोड़े गए हैं। कुल मिलाकर 1995 के सेक्शन 40 को हटाया जा रहा है। जो खामियां 2014 से 2024 तक 1995 के एक्ट के बारे में रह गई हैं, उनके विषय में कांग्रेस शासनकाल में भी कई कमेटियां स्पष्ट रूप से अभिमत व्यक्त कर चुकी है। फिर 1976 में वक्फ जांच रिपोर्ट में भी बदलाव का बड़ा सुझाव आया था, क्योंकि वक्फ बोर्ड से जुड़ी संपत्तियों के ऑडिट और अकाउंट का तरीका सही नहीं था। वक्फ संपत्ति का प्रबंधन व्यवस्थित तरीके से हो, इसकी मांग न केवल केन्द्र-राज्य सरकारें, बल्कि मुस्लिम समाज का एक बड़ा तबका भी करता रहा है। हर किसी को मालूम है कि वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर गिने-चुने 200-250 लोगों का कब्जा है। वक्फ संपत्ति के बंदरबांट का खेल दशकों से चल रहा है।

वक्फ बोर्ड संपत्ति में सिर्फ बड़ी-बड़ी मस्जिदें, दरगाह, कब्रिस्तान ही नहीं हैं, बल्कि वे प्राचीन स्मारक भी शामिल हैं, जिनका रखरखाव लंबे समय से केन्द्र सरकार का पुरातत्व विभाग करता रहा है। फिर दिल्ली में जामा मस्जिद के इमाम बुखारी किस तरह से 2000 करोड़ से अधिक के मालिक बन गए या फिर उप्र में आजम खान ने स्वयं का विश्वविद्यालय खोलकर वक्फ जमीन पर एकतरफा कब्जा जमा लिया या कहें कि हैदराबाद में ओवैसी भाइयों ने किस तरह से वक्फ संपत्तियों पर मालिकाना हक में परिवर्तन कर लिया है। यह किसी से छुपा नहीं है। अब अगर केन्द्र सरकार संशोधन विधेयक के जरिए यह चाहती है कि किसी भी तरह की सार्वजनिक या धर्मविशेष की संपत्ति की निगरानी क्यों नहीं होनी चाहिए.., जब हिन्दुओं के बड़े-बड़े मंदिरों और संस्थानों पर प्रशासक के रूप में कलेक्टर, कमिश्नर बैठे हैं... फिर वक्फ संपत्ति कलेक्टर-कमिश्नर के निगरानी दायरे से बाहर क्यों रहे..? मूल अधिनियम में अब वक्फ संपत्तियों के सर्वे के लिए सर्वे कमिश्नरों की नियुक्ति का प्रावधान है.., संशोधन विधेयक में कलेक्टर-डिप्टी कलेक्टर ही सर्वे कमिश्नर होगा, इससे नीचे पद वाले व्यक्ति को हस्तक्षेप की जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। मतलब वक्फ में जमीन की जादूगरी का खेल खत्म होगा।

भारत के बड़े शहरों से लेकर गांवों तक में वक्फ संपत्ति की निगरानी कुछ गिने-चुने लोग करते हैं। जिसकी बंदरबांट भी वे अपने व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए करने से नहीं चूक रहे हैं। अरबों रुपये की वक्फ संपत्ति पर वक्फ के लोगों ने ही अवैध कब्जा करवाकर औने-पौने दामों में या तो बेच दी है या ठिकाने लगा दिया और इसी वक्फ की आड़ में सरकारी संपत्तियों पर भी अवैध कब्जे जमाए गए हैं। 2009 तक वक्फ बोर्ड के पास 4 लाख एकड़ तक की 3 लाख रजिस्टर्ड वक्फ संपत्तियां थीं। महज 13 साल में वक्फ की जमीन दोगुनी हो गई।

आज की तारीख में करीब 8 लाख 72 हजार 292 से ज्यादा अचल संपत्तियां रजिस्टर्ड हैं, जिनका एरिया करीब 9.4 लाख एकड़ है। वस्तुस्थिति कुछ और है। दरअसल 2013 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने 1995 के बेसिक वक्फ एक्ट में संशोधन किया और वक्फ बोर्डों को और ज्यादा अधिकार दे दिया। वक्फ बोर्डों को संपत्ति छीनने की असीमित शक्तियां देने के लिए अधिनियम में संशोधन किया गया, जिसे किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। कुल मिलाकर वक्फ की आड़ में जमीनों के दलालों को खुली छूट दी गई। अब नए कानून में वक्फ बोर्ड को किसी भी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित करने का अधिकार नहीं रहेगा। यह अंकुश क्यों बुरा है..?

वक्फ संपत्ति को कानून के निश्चित दायरे में क्यों नहीं लाया जा सकता? कोई भी बोर्ड हो जो कुछ करता है तो उसे कोर्ट में रिव्यू करने का प्रावधान दिया जा रहा है, तो यह गैर संवैधानिक कैसे हो गया? सालों से वक्फ बोर्ड में बैठने वाले लोग तालमेल करके ट्रिब्यूनल में फैसले देते हैं... उस फैसले को आप किसी कोर्ट में चैलेंज नहीं कर सकते...। सोचने वाली बात है कि क्या यह जमीनी बंदरबांट का तरीका लोकतांत्रिक है..? देश में कोई भी कानून सुपर लॉ नहीं हो सकता।

फिर वक्फ बोर्ड को कानून से ऊपर कैसे रखा जा सकता है? जब अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि की जमीन का आर्कियोलॉजिकल सर्वे हो रहा था और इसमें केके मोहम्मद ने बड़ी भूमिका निभाई थी। तब किसी भी हिन्दू ने यह मांग नहीं उठाई थी कि श्रीराम जन्मभूमि का सर्वे कोई हिन्दू ही करे। मुस्लिमों का एक बड़ा वर्ग वक्फ बोर्ड में सुधार और संशोधन को एक क्रांतिकारी कदम मान रहा है।

हर बोर्ड और काउंसिल में 2-2 मुस्लिम महिला सदस्य रहेंगी। इससे मुस्लिम महिलाओं के अधिकार और हस्तक्षेप सुनिश्चित होंगे। जब देश में 30 वक्फ बोर्ड की 9 लाख एकड़ से ज्यादा की संपत्ति रेलवे और सेना के बाद सबसे ज्यादा संपत्ति का मालिक है तो उसे कानूनी रूप से निगरानी तंत्र में आने में क्यों आपत्ति है..? (लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

# शिक्षा को चहारदीवारी से निकालकर आंगनबाड़ी तक पहुंचाएं : राज्यपाल

## उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि के दीक्षांत समारोह में 26 मेधावियों को मिले स्वर्ण पदक

प्रयागराज, 11 सितम्बर (हि.स.)। शिक्षा को चहारदीवारी से बाहर निकाल कर आंगनबाड़ी तक पहुंचाना आज के युग की आवश्यकता है। महिलाओं को शिक्षित किया जाना इस देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अनिवार्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी पूरा होगा जब महिलाएं शिक्षित होंगी।

उक्त विचार बुधवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के 19वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति के साथ-साथ बच्चों को भी विकास की धारा से जोड़ना अति आवश्यक है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी बच्चों के बाल मनोविज्ञान को समझने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय में भी प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की आवश्यकता है। राज्यपाल ने शिक्षा को रोजगार एवं कौशल से जोड़ने की सलाह दी और सभी विद्यार्थियों को इंटर्नशिप द्वारा इंडस्ट्री से जुड़ने का महत्व बताया। भारत सरकार द्वारा तैयार की गई इस प्रकार की योजनाओं का भी उन्होंने संदर्भ रखा।

उन्होंने कहा कि कारागारों को भी अध्ययन केंद्र बनाया जाना चाहिए और ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाया जाना चाहिए। राज्यपाल ने उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों की संख्या में बढ़ोत्तरी करने का प्रयास किया जाए। इसके लिए विश्वविद्यालय अपने 12 क्षेत्रीय केन्द्रों के लिए प्रवेश का लक्ष्य निर्धारित करें और अध्ययन केदो को भी छात्र संख्या बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाय। उन्होंने कहा कि वह महीने भर बाद उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश के विकास के लिए हमारा पारिवारिक ढांचा मजबूत होना चाहिए।

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि हमारी शिक्षा व्यवस्था भारतीय सांस्कृतिक मूल्य और भारतीय जीवन दृष्टि के अनुरूप होनी चाहिए तभी हम एक समावेशी भारत को मूर्त रूप दे सकेंगे। उन्होंने शिक्षार्थियों से कहा कि वह अपने जीवन में नैतिकता व मानवीय मूल्य का समावेश करते हुए जीवन को व्यवहारिक रूप प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शोध के उन्नयन एवं विकास हेतु अधिक से अधिक शोध परियोजनाओं को चलाने के लिए शिक्षकों को आगे आना होगा। इसके साथ ही स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप शोध हेतु प्राथमिकता वाले क्षेत्र तय करने होंगे। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि आज जरूरत है आध्यात्म को विज्ञान से, परमार्थ को व्यवहार से, परम्परा को आधुनिकता से जोड़ते हुए वैयक्तिक, सामाजिक एवं वैश्विक जीवन में समरसता स्थापित की जाए।

उन्होंने आगे कहा कि 24 करोड़ से अधिक की इस विशाल जनसंख्या वाले राज्य में ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक भारतीय ज्ञान परम्परा की पहुंच बनाई जा सकती है। प्रदेश वासियों को रोजगार परक एवं कौशल युक्त शिक्षा को मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से सर्व सुलभ बनाने के लिए मुक्त विश्वविद्यालय की सराहना की।

समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ योगेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा किसी भी जागरूक समाज का आधार स्तंभ होती है। यह एक ऐसी आधारशिला है जिस पर एक प्रगतिशील लोकतांत्रिक समाज खड़ा होता है। हमारे शिक्षण संस्थान युवाओं में मातृभूमि से प्रेम, सभी के लिए दया, महिलाओं का सम्मान, जीवन में ईमानदारी, आचरण में आत्म संयम तथा अनुशासन के बुनियादी मूल्यों का समावेश करने में प्रमुख भूमिका का निर्वाह करते हैं, जिससे एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए युवा शक्ति को आगे आना होगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अपने लिए एक योग्य लक्ष्य निर्धारित करें और इसको साकार करने के लिए तकनीकी ज्ञान और समर्पित परिश्रम का उपयोग करें। शिक्षा बराबरी सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम है और इसके द्वारा समाज में समानता, समरसता और सामाजिक आर्थिक रूप से गतिशीलता हासिल की जा सकती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु यह मुक्त विश्वविद्यालय नवीनतम प्रयोग कर रहा है।

दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2023 तथा जून 2024 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण 31,940 शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर राज्यपाल ने समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, आजमगढ़ की छात्रा आरती यादव को प्रदान किया। विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक इस बार स्नातकोत्तर वर्ग में विद्या शाखाओं के 7 टापर्स को दिए गए। उन्होंने 11 मेधावी शिक्षार्थियों को दानदाता स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। राज्यपाल के निर्देश पर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण आहार एवं कार्यकत्रियों की उपस्थिति मानदंड आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और प्रतियोगिता के विजेताओं को कुलाधिपति द्वारा पुरस्कृत किया गया। दीक्षान्त समारोह के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों को विश्वविद्यालय की तरफ से श्रीमती पटेल द्वारा किट भेंट किये गये। इसके साथ ही राजभवन की तरफ से मुक्त विश्वविद्यालय के समीपवर्ती प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों के लिए राज्यपाल ने सौ पुस्तकें प्रदान की।

विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सत्यकाम ने राज्यपाल एवं अन्य सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय में चल रहे कार्यक्रमों एवं विश्वविद्यालय की प्रगति के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय के एकलव्य मोबाइल एप लॉन्च किया तथा गंगा परिसर में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। दीक्षांत समारोह का संचालन प्रोफेसर पी के पांडेय ने किया। इस अवसर पर पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर, न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल, रज्जू भैया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, प्रोफेसर पीके साहू पूर्व कुलपति इविवि, मनोज गौतम कमांडेंट आर ए एफ आदि उपस्थित रहे।

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास व 20 हजार अर्थदंड की सजा

जौनपुर, 12 सितंबर (हि.स.)। नेवढ़िया के कादीपुर में रुपये के लेन देन को लेकर हुई हत्या के दोषी अनिल गौड़ को अपर सत्र न्यायाधीश अपर्णा देव ने बुधवार को आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की आधी धनराशि वादी को देने का आदेश दिया। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार दो दिसम्बर 2017 की सुबह वादी के रिश्तेदार श्रवण पटेल ने मोबाइल से सूचना दिया कि उसके भाई महेंद्र पटेल का शव कादीपुर दरगाह के पास नहर में मिला है।वहा पहुंचा तो काफी भीड़ लगी थी। भाई के शव को पहचाना कहा कि उसका भाई एक दिन पहले सुबह भाड़ा ढोने के लिए गया था। आशंका है कि भाड़े के लेन देन के विवाद को लेकर किसी ने उसकी हत्या कर दी है।

दो दिसंबर को नेवढ़िया थाने में एफआईआर दर्ज की गई।

विवेचना में नेवढ़िया के कसियांव निवासी अनिल गौड़ का नाम सामने आया। चार दिसम्बर को पुलिस द्वारा अनिल के घर की तलाशी लेने पर मृतक की शर्ट, लोवर, कैंची व लोहे की रॉड बरामद कर ली। अनिल ने महेंद्र पटेल की निर्ममता से लोहे के रॉड से सिर पर मारकर हत्या किया था।

15 फरवरी 2018 को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल किया। सात दिसम्बर 2018 को आरोपी के खिलाफ कोर्ट में धारा 302 आईपीसी में आरोप तय किया गया। सरकारी वकील सतीश रघुवंशी व वीरेंद्र प्रताप मौर्य ने 11 गवाहों को पेश किया।

कोर्ट ने आज दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अनिल को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## सामूहिक दुष्कर्म मामला : मुख्यमंत्री योगी ने पीड़ित परिवार के लिए भेजी पांच लाख की आर्थिक सहायता

### -चेक लेकर पीड़िता के घर पहुंचे स्थानीय विधायक

अयोध्या, 11 सितंबर (हि.स.)। खडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुए सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता बुधवार को भेजी गई। स्थानीय विधायक अमित सिंह चौहान ने पीड़िता के घर पहुंच कर परिजनों को पांच लाख रुपये का चेक सौंपा है।

इस दौरान पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

पीड़िता के परिवार की बीते दिनों मुख्यमंत्री से लखनऊ में मुलाकात हुई थी।

मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों को अपराधियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया था।

साथ ही आर्थिक सहायता करने का भी आश्वासन दिया था। स्थानीय विधायक अमित सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि अगर किसी भी चीज की जरूरत होगी तो तुरंत पूरा किया जाएगा।

# नाली के विवाद में युवक का हत्यारोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर, 11 सितम्बर(हि.स.)। बण्डा थाना क्षेत्र के गांव बाबूपुर में नाली को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बुधवार को बताया कि थाना क्षेत्र के गांव बाबूपुर में मंगलवार को नाली को लेकर हुए विवाद में वागीशनाथ दीक्षित (45) की गांव के ही मुकेश शुक्ला ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। पीड़ित परिवार ने मुकेश और उसके भाइयों सहित पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस फरार अरोपियों को तलाश कर रही थी।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आज पुलिस टीम ने दोपहर करीब डेढ़ बजे मुख्य हत्यारोपी मुकेश शुक्ला को पडरी चांदूपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। यहीं नहीं मुख्य हत्यारोपी की निशादेही टीम ने 315 बोर का वो तमंचा भी बरामद कर लिया जिससे उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# 25 प्रतिशत कमजोर छात्रों को चिन्हित कर उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करेंगे: डा. मनोज द्विवेदी

मुरादाबाद, 11 सितम्बर (हि.स.)। समग्र शिक्षा (माध्यमिक) जनपद के राजकीय व अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सेवारत शिक्षक व शिक्षिकाओं के पांच



दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। गणित व विज्ञान विषय के अंतिम दिवस पर बुधावार को पारकर इंटर कालेज में मुख्य अतिथि मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मुरादाबाद डा. मनोज कुमार द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डा अरुण कुमार दुबे ने संबोधित किया।

जेडी डा. मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर समस्त शिक्षक अपने-अपने विद्यालय में कक्षा 9-10 में अध्ययनरत ऐसे छात्र जो अपने विषय में कमजोर हों उनको समस्त छात्र-छात्राओं में से 25 प्रतिशत कमजोर छात्रों को चिन्हित कर उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करें। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दूबे ने कहा कि वर्तमान युग रचनात्मकता तथा नवाचार का है शिक्षक यदि रचनात्मकता तथा नवाचार का उपयोग कर अध्यापन कार्य करेंगे तो छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास सम्भव हो पायेगा।

समग्र शिक्षा अभियान माध्यमिक के जिला समन्वयक विकास कांत गुप्ता ने उक्त प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पारकर इंटर कालेज में गणित विषय के 67 तथा विज्ञान विषय के 77 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।


जबकि जीजी हिंदू इंटर कालेज में हिंदी विषय के 52 तथा अंग्रेजी विषय के 73 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया। जीजी हिंदू इंटर कालेज में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों के ज्ञान, कौशल व दृष्टिकोण के उन्नयन में सहायक होते हैं। सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा मुरादाबाद ने प्रशिक्षार्थियों का मार्गदर्शन किया।

प्रशिक्षण सत्र में मंडलीय मास्टर ट्रेनर बबीता मेहरोत्रा के द्वारा साइबर क्राइम, डिजिटल लाइब्रेरी, खान अकादमी, निपुण भारत पँख पोर्टल व आईआईटी गांधीनगर से प्राप्त प्रशिक्षण को भी शिक्षकों के बीच पहुंचाया, इसी के साथ अन्य विषयों पर अपना प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया।

# रावल में दिखाई दी द्वापर युग झलक, प्राकट्य हुई वृषभान की लाली

## -श्रीराधारानी का 101 किलो दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल और यमुना जल से हुआ अभिषेक

मथुरा, 11 सितम्बर(हि.स.)। यमुनापार स्थित रावल गांव में बुधवार भोर में श्रीराधारानी के प्राकट्योत्सव से आज पूरा ब्रज खुशी मना रहा है। श्रीकृष्ण की आल्हादिनी शक्ति की प्राकट्यस्थली में आज द्वापर युग जैसा एहसास हुआ। चंहुओर भक्त अपनी आराध्या की मनमोहक छवि के दर्शन के लिए उत्सुक रहे। उत्सव बुधवार सुबह 4 बजकर 30 मिनट पर हुई। इस समय मंदिर परिसर घंटों की झंकार व शंख ध्वनि से गूंज उठा। चारों ओर राधा रानी के जयकारे लगने लगे। सेवायत श्रीराधारानी का अभिषेक किया गया। हल्के पीले वस्त्र (जो पंजाब में लुधियाना के कारीगरों द्वारा तैयार कराए गए थे) धारण कराए गए। मंदिर में भक्तों द्वारा संकीर्तन व बधाई गायन हुआ। चंहुओर श्रीराधारानी का अवतरण की खुशियां हैं। अपनी





खुशियों का दिखाई दे दी थी, मंदिर में भक्तों द्वारा संकीर्तन व बधाई गायन शाम तक चलता रहा।

तीर्थनगरी मथुरा के रावल में श्रीराधारानी के प्राकट्योत्सव की खुशी है। श्रद्धालु रात से ही टकटकी लगाए इस पल का इंतजार कर रहे थे। मंदिर के चारों तरफ भव्य नजारा दिखाई दिया। पूरा परिसर बिजली की रोशनी से जगमगा रहा था। राधा रानी के महंत व भक्तजनों ने राधा रानी की मंगला आरती की। इसके बाद अपनी आराध्या के दर्शन किए।

सेवायत महंत राहुल कल्ला ने सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर 101 किलो दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल और यमुना जल द्वारा राधा रानी के श्री विग्रह का अभिषेक किया। मंदिर के सेवायत महंत राहुल कल्ला ने बताया कि पंचमुखी शंख से आराध्या के एक झलक पाने को श्रद्धालु आतुर दिखे। इस पल का साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचे हैं।

श्रद्धालु रात से ही भजन-कीर्तन कर रहे हैं। मंदिर, महल रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा रहे थे। मानों एक बार फिर द्वापर काल आ गया हो। पूरे नगर में श्रीराधारानी के अवतरण दिवस राधाष्टमी की खुशियां मनाई जा रही हैं।

# राज्य व मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए 16 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक करें आवेदन

मुरादाबाद, 11 सितम्बर (हि.स.)। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बुधवार को बताया कि उप्र शासन द्वारा समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, संस्कृतिक आदि माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं से राज्य व मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।

इसके लिए 16 सितंबर से 15 अक्टूबर के बीच आवेदन करना होगा।

शैक्षिक सत्र 2024-25 में राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के चयन के संबंध में ऑनलाइन आवेदन पत्र मांगे गए। माध्यमिक शिक्षक इसके लिए आवेदन करेंगे।

पुरस्कारों की घोषणा दिसंबर में होने की संभावना है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने आगे बताया कि सभी प्रधानाचार्यों को पत्र भेज दिए गए हैं।

इच्छुक शिक्षक, शिक्षिकाएं वर्तमान शैक्षिक सत्र में मिलने वाले पुरस्कार के लिए आवेदन ऑनलाइन वेबसाइट पर 16 सितंबर से कर सकते हैं। जनपदीय समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं स्थलीय सत्यापन कर पात्र अध्यापकों का चयन कर मंडलीय समिति के प्रस्ताव ऑनलाइन प्रेषित करेगी।

# शांति व्यवस्था भंग करने के 11 आरोपित गिरफ्तार

मुरादाबाद, 11 सितम्बर (हि.स.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के आदेश पर बुधवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति व्यवस्था भंग करने के 11 आरोपित गिरफ्तार हुए। थाना कटघर पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे आरोपित बुधवार को राहुल कश्यप, मोहित, शुभम, सनी, विश्वास, रामफूल को गिरफ्तार किया।

इसके अलावा थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा गुलाम जिलानी, मौ. जुनैद, थाना पाकबड़ा पुलिस ने मुकेश कुमार, थाना भोजपुर पुलिस द्वारा जुल्फेकार को पकड़ा।

पुलिस अधीक्षक नगर रणविजय सिंह ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# अब झांसी में बनेगा विश्व स्तरीय हीट एक्शन प्लान

झांसी, 11 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ गांधीनगर द्वारा निर्मित जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते हुए लू व तापघात के दुष्प्रभाव को मानवीय स्वास्थ्य, जन जीवन, अर्थव्यवस्था पर कम करने के लिए झांसी शहर का चयन हीट एक्शन प्लान बनाने के लिए किया गया है। यह निर्णय राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किया गया है। यह हीट एक्शन प्लान भारत के प्रतिष्ठित तथा देश का पहला हीट एक्शन प्लान अहमदाबाद में बनाने वाले संस्थान इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ गांधीनगर के द्वारा बनाया जाएगा। प्रथम चरण में झाँसी समेत आगरा, प्रयागराज तथा लखनऊ में हीट एक्शन प्लान बनाने का निर्णय लिया गया है।

इसके लिए बीते रोज हीट एक्शन प्लान को बनाने के लिए महापौर बिहारी लाल आर्य की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त द्वारा हीट एक्शन प्लान के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की गयी तथा हीट एक्शन प्लान के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के बार में चर्चा की गयी। साथ ही महापौर द्वारा लू व तापघात से बचाव को सुझाव दिया गया कि हम गर्मियों में सिर को गमछा से ढक कर, हल्के कपड़े पहन कर गर्मियों के समय उच्चताप से बचाव कर सकते हैं।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्राधिकरण की प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. कनीज फातिमा ने बताया कि राज्य सरकार लू व तापघात आपदा के लिए पूर्ण रूप से सतर्क है। राज्य स्तरीय हीट एक्शन प्लान बनाया गया था तथा उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में भी हीट एक्शन प्लान बनाया जा चुका है।

डॉ. फातिमा ने बताया की उत्तर प्रदेश के द्वारा लू तापघात आपदा के लिए किये गए प्रयासों की सराहना एनडीएमए, भारत सरकार द्वारा भी की गयी है।

इन बैठकों में उत्तर प्रदेश के सभी शहरों के लिए हीट एक्शन प्लान बनाने का भी सुझाव दिया गया। इसी दिशा में प्राधिकरण ने प्रथम चरण में झाँसी, आगरा, प्रयागराज तथा लखनऊ में हीट एक्शन प्लान बनाने का निर्णय लिया।

बैठक में आपदा प्राधिकरण विशेषज्ञ प्रियंका, प्रशांत शाही तथा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ गांधीनगर के प्रोफेसर डॉ. महावीर गोलेच्छा, पुलिस अधीक्षक नगर ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त मो. कमर, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रमाकांत, उप नगर आयुक्त वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पशुचिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विनीत कुमार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने बैठक में प्रतिभाग किया।

# थर्ड जेंडर को यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

## -यूपी बोर्ड सचिव ने गम्भीरता से विचार करने का दिया आश्वासन

## -जागरूकता से समस्या का होगा समाधान : कौशल्यानंद गिरि

प्रयागराज, 11 सितम्बर (हि.स.)। देश और दुनिया में सबसे बड़ी परीक्षा आयोजित



कराने वाली संस्था उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) में अब थर्ड जेंडर के बारे में बच्चों को शिक्षा देने की मांग उठने लगी है। यूपी किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि (टीना मां) ने यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह से मिलकर मांग की है कि यूपी बोर्ड में थर्ड जेंडर के विषय को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। उन्होंने इस बाबत बोर्ड के सचिव को ज्ञापन भी सौंपा है।

महामंडलेश्वर ने ज्ञापन में मांग की है कि प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं को थर्ड जेंडर के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में हाईस्कूल और इण्टर के पाठ्यक्रम में थर्ड जेंडर को शामिल किया जाये जिससे कि समाज में थर्ड जेंडर को उचित सम्मान मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज में दो लिंग यानी महिला और पुरुष की बात तो होती है लेकिन थर्ड जेंडर के बारे में कोई बात नहीं करना चाहता, जिससे थर्ड जेंडर खुद को उपेक्षित महसूस करते हैं।

टीना मां ने कहा कि थर्ड जेंडर के बारे में देश-प्रदेश के करोड़ों छात्र-छात्राओं को कोई जानकारी नहीं है। जबकि वह भी समाज के किसी न किसी परिवार के सदस्य होते हैं। वह परिवार हमारा या आपका भी हो सकता है। ऐसे में अब जरूरी हो गया है कि थर्ड जेंडर को समाज के लोग जानें और समझें। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने नालसा जजमेंट-2014 में थर्ड जेंडर का अधिकार दिया था।

ऐसे में सरकारी नौकरी और अन्य भर्तियों में किन्नर-ट्रांसजेंडर को थर्ड जेंडर में शामिल किया गया है और उनके लिए अलग से मान्यता दी गयी है। ऐसे में आपसे आग्रह है कि थर्ड जेंडर को यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाये जिससे कि छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को थर्ड जेंडर के बारे में विस्तार से जानकारी मिल सके।

उन्होंने कहा कि यूपी में थर्ड जेंडर की आबादी करीब 15 लाख से ज्यादा है, जबकि यह संख्या देश में 50 लाख के करीब है। बहुत से घरों में थर्ड जेंडर हैं लेकिन परिवार वाले समाज से छिपाते हैं, जबकि थर्ड जेंडर का महाभारत सहित अन्य युगों में विस्तार से उनके कार्यों का वर्णन मिलता है।

उन्होंने कहा कि थर्ड जेंडर को यूपी बोर्ड के नौवीं कक्षा से लेकर 12वीं के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाये जिससे कि हम लोगों को समाज में सम्मानजनक स्थान मिल सके।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने ज्ञापन लेते हुए आश्वासन दिया कि इस पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले पर जागरूकता की जरूरत है। जो भी सम्भव मदद होगी, वह की जाएगी।

यूपी बोर्ड के सचिव ने कहा कि एनसीएफ मानविकी पर पाठ्यक्रम बना रहा है, उसी में थर्ड जेंडर को शामिल करने के लिए वार्ता करूंगा।

# सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के 'एक्सपोनेंशियल ग्रोथ' के लिए 'मोदी लॉ' पर फोकस करे दुनियाः ग्लोबल लीडर्स

## -सेमीकॉन इंडिया 2024 में दुनियाभर से आए सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के ग्लोबल लीडर्स ने पीएम मोदी के विजन को सराहा

-कहा: यही समय है, सही समय है, वैश्विक सप्लाई चेन के लिए अहम होगा भारत

-सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत की मजबूत उपस्थिति को बताया बदलते विश्व की जरूरत

ग्रेटर नोएडा,11 सितंबर (हि.स.)। भारत अब दुनिया में केवल ग्लोबल लीडर ही नहीं, बल्कि मार्केट की सबसे प्रमुख जरूरत यानी सप्लाई चेन की दिशा में भी दिग्गज बनने की ओर तेजी से बढ़ चला है। आज पूरी दुनिया भारत को न केवल सेमीकंडक्टर विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनते देखना चाहती है बल्कि वैश्विक सप्लाई चेन में उसकी प्रमुख भूमिका को लेकर न केवल आश्वस्त है बल्कि इसके लिए सभी तरह के समन्वय के लिए भी प्रतिबद्ध है।

बुधवार को ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आयोजित सेमीकॉन इंडिया 2024 में शिरकत करते हुए सेमीकंडक्टर सेक्टर के ग्लोबल लीडर्स ने इन्हीं विषयों पर सबसे ज्यादा फोकस किया। साथ ही, पूरी दुनिया को ग्रोथ के लिए 'मोदी लॉ' पर फोकस करने की नसीहत दी। ये मोदी लॉ दरअसल पीएम मोदी की नीतियां हैं जो किसी भी इंडस्ट्री के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में एक्सपोनेंशियल ग्रोथ के अवसर हैं और पीएम मोदी का विजन इस पर ही सबसे ज्यादा फोकस करता है। इसी बात को ग्लोबल लीडर्स ने सबसे ज्यादा सराहा और प्राथमिकता दी।

मोदी लॉ पूरी दुनिया का मार्ग कर रही प्रशस्त

सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में ग्लोबल कोलैबोरेशन की दिशा में काम करनेग्लोबल एसोसिएशन सेमी के प्रेसिडेंट व सीईओ अजीत मनोचा ने कहा कि यह अकल्पनीय होने के साथ अद्भुत है। सेमीकॉन कई देशों में आयोजित हो चुका है मगर भारत में यह पहला संस्करण है और अन्य देशों की तुलना में यह चार से पांच गुना ज्यादा बड़ा आयोजन है। यह भारत की अनप्रेसिडेंटेड कैपेबिलिटीज को दर्शाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी सीईओ व बिजनेस लीडर्स इस बात पर सहमत हैं कि भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण व सप्लाई चेन को बढ़ावा मिलना चाहिए। यह भारत की लीडरशिप और विजन के कारण हो सका, जिसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। हमें मोदी लॉ की बात करनी होगी। मोदी लॉ एक्सपोनेंशियल ग्रोथ पर फोकस करता है। हमें इस विजन को सच बनाना होगा क्योंकि यह न केवल भारत, न केवल विश्व बल्कि पूरी मानवता की उन्नति का मार्ग है। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में होने वाली उपलब्धि पूरे इंडस्ट्री सेक्टर में उपलब्धियों के द्वार खोलने का आधार बनती हैं।

-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम की तरह मिलकर करना होगा कार्य-

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ डॉ. रणधीर ठाकुर ने कहा कि पीएम मोदी ने देश के पहले कॉमर्शियल फैब का धोलेरा गुजरात व देश की पहली इंडीजीनियस ओसीएटी इंडस्ट्री का जागीरोड असम में फाउंडेशन स्टोन रखा। यह दोनों प्रोजेक्ट भारत सरकार से रिकॉर्ड समय के अंदर स्वीकृत हुए जिसने एक बेंचमार्क स्थापित किया है। यह भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत संभव हुआ। चिप कंडक्टर के निर्माण से हजारों सोफेस्टिकेटेड सेमीकंडक्टर पार्टनर्स की जरूरत होती है जो टीम की तरह काम करते हैं। कुल 11 महत्वपूर्ण घटकों के जरिए चिप निर्माण पूरा होता है जिसमें डिजाइन, सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर्स व लॉजिस्टिक्स महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत सरकार की पहल से ये सभी जरूरी 11 इकोसिस्टम के प्रतिनिधि कार्यक्रम में सम्मिलित हैं जो एक बड़ी उपलब्धि है। हम सभी पार्टनर्स के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें साथ मिलकर टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम की तरह मिलकर कार्य करना होगा। यह पीएम मोदी के ग्लोबल रीच, विजन व सेमीकंडक्टर मिशन के कारण ही संभव हो पाया है। टाटा ही देश में स्टील इंडस्ट्री लेकर आई थी और अब हम देश में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। इस प्रक्रिया से हम पचास हजार रोजगार उपलब्ध कराने में सक्षम हो सकेंगे। प्रत्येक सेमीकंडक्टर रिलेटेड जॉब अपने साथ 10 अन्य रोजगार के अवसरों का माध्यम भी बनेगा। यही समय है सही समय है, भारत का अनमोल समय है।

-तीन एट्रीब्यूट्स के जरिए सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में मिलती है सफलता-

एनएक्सपी सेमीकंडक्टर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर व सीईओ कर्ट सीवर्स ने कहा कि एंबीशन,ट्रस्ट व कोलैबोरेशन यह तीन एट्रीब्यूट्स हैं जिनके जरिए सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में सफलता का मार्ग सुनिश्चित होता है। ये स्प्रिंट नहीं, मैराथन है। पचास सालों से हमारी भारत में उपस्थिति है और पिछले कुछ वर्षों में हुआ बदलाव अकल्पनीय है। यह भारत को इकॉनमी के लिहाज से बहुत समृद्ध व ताकतवर बना रहा है। इनोवेशन, डेमोक्रेसी और ट्रस्ट वह मैजिक मंत्र है जिस पर चलकर देश के उद्योग प्रगति करते हैं। हम भारत में हैं, भारत के साथ हैं और प्रतिबद्ध हैं।

-भारत में उपस्थिति बढ़ाने पर रेनेसॉ का जोर-

दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ऑटोमोटिव सेमीकंडक्टर कंपनी व विश्व की सबसे बड़ी माइक्रोकंट्रोलर सप्लायर के रूप में प्रसिद्ध रेनेसॉ इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन के प्रेसिडेंट व सीईओ हितोशी शिबाता ने कहा कि रेनेसा इलेक्ट्रॉनिक्स जापान, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इंबेडेड सेमीकंडक्टर सॉल्यूशंस प्रोवाइडर है। हमें भारत में पहला प्लांट लगाने में सफलता मिली है। हम बेंगलुरु, दिल्ली, नोएडा व हैदराबाद में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। दुनिया का पहला 300 मिलीमीटर कॉमर्शियल सेमीकंडक्टर पाथ हमने ही बनाया था। हमें सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी की जटिलताओं की अच्छे से जानकारी है। हम भारत के इस सपने को साकार करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और मोदी लॉ को वास्तविकता बनाने पर कार्य करेंगे।

-आईमैक से स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप में दिखाई रुचि-

सेमीकंडक्टर्स के क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े रिसर्च एंड डेवलपमेंट हब के तौर पर प्रसिद्ध आईमैक के प्रेसिडेंट व सीईओ, लूकवॉडन हॉल ने कहा कि हम भारत की सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को बूस्ट करने के लिए तैयार हैं। आईमैक स्ट्रैटिज साझेदारी के लिए तैयार है। यह केवल भारत नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए जरूरी है क्योंकि एक रिलायबल सप्लाई चेन चाहिए जिसकी कमी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के तौर पर भारत के अलावा कौन प्रस्तुत कर सकता है।

# 2017 के पहले नहीं आता था निवेश , आज निवेश के ढेर लगे हैं : योगी आदित्यनाथ

-मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव के साथ साझा प्रेस कांफ्रेंस को किया संबोधित

ग्रेटर नोएडा, 11 सितंबर (हि. स.)। सेमीकॉन इंडिया 2024 के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी और केंद्र सरकार के आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्वनी वैष्णव ने साझा प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश के बदले हुए परसेप्शन का जिक्र करते हुए




कहा कि 2017 के पहले जहां उत्तर प्रदेश में कोई निवेश नहीं करना चाहता था, वहीं आज उत्तर प्रदेश के बदले हुए परसेप्शन के कारण यहां निवेश के ढेर लगे हैं। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है। निवेश के अनुकूल नीतियां हैं। व्यापार के अनुरूप वातावरण है। इसके चलते आज हर कोई उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आना चाहता है।

2017 से 2024 में आया बड़ा बदलाव

2017 के पहले और 2017 के बाद के उत्तर प्रदेश में अंतर को स्पष्ट करते हुए योगी ने कहा कि 2017 में जब हम इन्वेस्टर्स समिट की प्लानिंग कर रहे थे तो हमें कहा गया कि सिर्फ 20 हजार करोड़ रुपये तक का ही निवेश संभव हो सकेगा। हालांकि, पिछले साल हमें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव मिला। इसमें से इसी वर्ष फरवरी माह तक हमने 10 लाख करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में सफलता प्राप्त की है। यह बदले हुए उत्तर प्रदेश के वर्क कल्चर को दिखाता है।

सेमीकंडक्टर पॉलिसी से निवेशकों की राह होगी आसान

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेश के अनुकूल राज्य बनाने के लिए विगत सात वर्ष में सभी ने काफी मेहनत की है। आज हम निवेशकों की प्रत्येक समस्याओं का निश्चित समय में समाधान करते हैं।

ऑनलाइन पोर्टल निवेश मित्र के जरिए निवेश की प्रक्रिया को सबसे आसान बनाया गया है। पहले भी सिंगल विंडो सिस्टम की बात की जाती थी लेकिन हमने इसे गंभीरता से लागू किया। आज किसी भी निवेशक को अपने इंसेंटिव्स के लिए परेशान नहीं होना पड़ता। ऑनलाइन ही सारे काम हो जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सेमी कंडक्टर पॉलिसी 2024 को हमने लागू किया है। इसके माध्यम से हम निवेशकों की राह को आसान बना रहे हैं।

# मेरठ में सौतेले भाई की हथियार से काटकर की हत्या

मेरठ, 11 सितम्बर (हि.स.)। दौराला कस्बे में बुधवार की सुबह नशेड़ी युवक ने अपने सौतेले भाई की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी। बीच बचाव में आई मां भी घायल हो गई। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

दौराला कस्बे के वार्ड नंबर दो के मोहल्ला भगवानपुरी निवासी गीता का विवाह राजकुमार से हुआ था। राजकुमार से गीता को दो बेटे मोहित और राहुल हुए थे। इसके बाद गीता का विवाह उसके देवर कृष्णपाल से हुआ। कृष्णपाल से गीता को एक बेटा विनीत उर्फ सूरज था। तीनों भाई अविवाहित थे। मोहित सरधना क्षेत्र के छुपर गांव में अपने दोस्त के यहां नौकरी करता था और शराब पीने का आदी है।

तीनों भाई में जमीन का बंटवारा कर दिया गया था। मोहित ने अपने हिस्से की जमीन बेचकर मिले पैसे को बर्बाद कर दिया था। अब वह अपनी मां और दोनों भाईयों की जमीन को बेचना चाहता था। जिसका विनीत उर्फ सूरज विरोध कर रहा था। दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद भी हुआ था। बुधवार की सुबह मोहित ने धारदार हथियार से सौतेले भाई विनीत उर्फ सूरज पर हमला कर-के घायल कर दिया। बीच बचाव करने के चक्कर में मां गीता भी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राहुल ने अपने भाई मोहित के खिलाफ दौराला थाने में तहरीर दी है।

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह के अनुसार, पुलिस की दो टीमों को आरोपित को पकड़ने के लिए लगाया गया है। इस मामले में तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# लखीमपुर खीरी : रील बनाने के चक्कर में माता-पिता और मासूम बेटे की मौत

लखीमपुर खीरी, 11 सितम्बर (हि.स.)। रील बनाने का शौक अब लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है।

रेल बनाने के चक्कर में लोग यह भूल जाते हैं कि वह क्या कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही ओयल रेलवे स्टेशन के पास देखने को मिला, जहां रील बनाने के चक्कर में दम्पति की अपने तीन साल के मासूम बच्चे के साथ ट्रेन से कट कर मौत हो गई।

मूलरूप से सीतापुर जनपद के शेख टोला निवासी मोहम्मद अहमद (30) अपनी पत्नी नाजमीन (25) और तीन साल के बच्चे अकरम के साथ 40वां मेला देखने हरगांव थाना क्षेत्र के गांव केवटी कला आए थे। वे सभी बुधवार सुबह 10 बजे रेलवे नहर पुल उमरिया चौकी क्षेत्र ओयल थाना खीरी घूमने के लिए गए। वहां पर मोबाइल से सेल्फी खींचने लगे और रील बना रहे थे।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि इसी दौरान हरगांव से लखीमपुर की ओर जाने वाली ट्रेन आ गई और रील बना रहे दम्पति अपने बच्चे के साथ पुलिया पर फंस गए।उन्होंने ट्रेन के सामने भाग कर जान बचाने की कोशिश की, लेकिन ट्रेन की रफ्तार तेज होने के कारण यह लोग उसकी चपेट में आ गए और तीनों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# जहरीले जीव के काटने से किसान की मौत

कानपुर, 11 सितम्बर (हि.स.)। घाटमपुर थाना क्षेत्र में एक किसान को किसी जहरीले जीव ने काट लिया। बेहोश होने पर परिजन सीएचसी ले गये जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

स्वेन्दी ललाईपुर निवासी छेदालाल (45) कृषि कार्य करके परिवार का भरण पोषण करता था। रात में सोते समय किसी जहरीले जीव ने किसान को काट लिया जिससे वह बेहोश हो गया और सुबह नहीं उठा। इस पर परिजनों ने देखा तो उसके पैर पर किसी जीव के काटने के निशान दिखे और आनन फानन में नजदीक के अस्पताल सीएचसी घाटमपुर ले गये जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

एसीपी रंजीत कुमार ने बुधवार को बताया कि सूचना पर उप निरीक्षक आशीष कुमार व उपनिरीक्षक अनुज नागर को हमराह फोर्स के साथ सीएचसी घाटमपुर भेजा गया है। डॉक्टरों द्वारा मृतक की मृत्यु का कारण अज्ञात बताया गया। प्रथम दृष्टया जांच से जहरीले जन्तु के काटने से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है विस्तृत जांच जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए पंचायत नामा की कार्यवाही नियमानुसार अमल में लाई जा रही है।

# 12 वर्षीय बच्ची से अमानवीय दुष्कर्म के आरोपी को जमानत पर रिहा करने से इनकार

-कहा, अपराध जघन्य व मानवता का हनन करने वाला

प्रयागराज, 11 सितम्बर (हि.स.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर नगर के ककवां थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय नाबालिग का खेत से अपहरण कर दुष्कर्म का अमानवीय कृत्य करने के आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया है। कहा है कि अपराध जघन्य और मानवता का हनन करने वाला है। पीड़िता का 15 दिन तक इलाज किया गया, वह सदमे में हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने कुलदीप की जमानत अर्जी को खारिज करते हुए दिया है। 29 नवम्बर 2020 को पीड़िता के साथ अमानवीय दुष्कर्म किया गया। उसे गम्भीर चोटें आई तथा उसका आपरेशन किया गया। पीड़िता ने बयान में घटना का विवरण बताया है और उसने आरोपी की पहचान की है।

याची का कहना था कि पैसे के लेन-देन के विवाद के कारण उसे झूठा फंसाया गया है। पीड़िता के बयान से साफ है कि पुलिस ने प्रताड़ित किया। इसलिए उसका बयान विश्वसनीय नहीं है। ट्रायल के दौरान डॉक्टर ने कहा कि पीड़िता की आयु निर्धारण के लिए सीएमओ को रिफर किया गया था।

किंतु कोई मेडिकल रिपोर्ट पत्रावली पर नहीं है। याची पिछले चार साल 1 दिसम्बर 2020 से जेल में बंद है। इसलिए जमानत पर रिहा किया जाए किंतु कोर्ट ने अपराध की प्रकृति व गम्भीरता को देखते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया।

# खेत में काम करने गए किसान को बाघ ने बनाया शिकार

लखीमपुर खीरी, 11 सितंबर (हि.स.)। जनपद में बाघ का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को हैदराबाद थाना क्षेत्र के महेशपुर रेंज के अंतर्गत खेत में काम करने गए किसान पर बाघ ने हमला कर दिया। हमले में किसान की मौत हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने शव को रोड पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना हैदराबाद क्षेत्र के महेशपुर रेंज की बिलहरी बीट के गांव मुंडा अस्सी निवासी जाकिर 45 पुत्र रोज अली बुधवार की सुबह अपने खेत में काम करने गया था, जहां प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बाघ ने जाकिर पर हमला कर दिया, उसकी चीख पुकार सुनकर आस-पास के लोग जब उसे छुड़ाने पहुंचे तो बाघ अध खाई अवस्था में उसे छोड़कर खेतों में भाग गया। सूचना के बाद मौके पर वन क्षेत्र अधिकारी सहित गोला पुलिस और उप जिलाधिकारी भी पहुंचे आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को गोला सिकंदराबाद रोड पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे सड़क जाम हो गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसी तरह से ग्रामीणों को समझा कर काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया, हालांकि घटना के बाद से ग्रामीणों में खासा आक्रोश है और वह वन विभाग पर बाघ को पकड़ न पाने का आरोप लगा रहे हैं। इस क्षेत्र में करीब 15 दिनों से बाघ का आतंक जारी है।

# सोहावल की सुरवारी झील के भी दिन बहुरेंगे

## -योगी सरकार कराने जा रही सुरवारी झील का सुंदरीकरण

## -43 एकड़ झील का किया जा रहा संरक्षण

अयोध्या, 11 सितंबर (हि.स.)।अयोध्या के सोहावल में सुरवारी झील का योगी सरकार जीर्णोद्धार कराएगी । झील का सुंदरीकरण हो जाने से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी। प्रदेश सरकार की मंशा है कि अयोध्या मे आने वाले पर्यटकों आध्यात्मिक के साथ यहां के प्राचीन स्थलों को देखें और प्राकृतिक स्थलों का लुत्फ उठा सकें।

43 एकड़ झील का किया जा रहा संरक्षण

सोहावल तहसील के सुरवारी गांव स्थित लगभग 43 एकड़ क्षेत्रफल वाली झील के संरक्षण पर प्रदेश सरकार 486.21 लाख रुपये खर्च करने जा रही है। प्रदेश सरकार सुरवारी झील का सुंदरीकरण कराएगी जिससे पर्यटक यहां तक पहुंचे। वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि इसका डीपीआर बनाकर शासन को भेजा गया हैं।

सोहावल तहसील क्षेत्र को भी पर्यटन के नक्शे पर ऊभारने का प्रयास

योगी सरकार द्वारा अयोध्या से सोहावल तक के क्षेत्र को आध्यात्मिक एवं पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रहा है। यहाँ घाटों का सौंदर्यीकरण, बाँध बनाकर वॉक-वे का निर्माण, वॉच टॉवर का निर्माण,ओपन जिम, एम्पीथियेटर, प्रवेश द्वार, सार्वजनिक शौचालय, हार्टिकल्चर का कार्य, साईकिल स्टैंड, गजीबों, मेडीटेशन हट का भी निर्माण किया जाएगा।

प्रदेश की योगी सरकार पहले से अयोध्या नगरी को उसका प्राचीन स्वरूप देना चाहती थी। जिसके लिए यहाँ के प्राचीन मठ मंदिरों, पौराणिक कुण्डों, तालाबों आदि को प्राचीन स्वरूप देने मे लगी थी। अब प्राचीन झीलों को भी उनके प्राचीन स्वरूप प्रदान कर पर्यटकों को लुभाने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। सरकार की मंशा है कि यहां की पौराणिकता को वर्तमान पीढ़ी जाने और इसके लिए पंख लगने शुरू हो गए। निकट समय मे अयोध्या से सोहावल तक का क्षेत्र आध्यात्मिक क्षेत्र बन जाएगा।

पौराणिकता जुड़ा है सुरवारी झील

झील का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि जिस स्थान पर यह झील है, वहां पूर्व में सुर नामक नदी बहती थी। पौराणिक तमसा नदी के साथ सुर नदी का जिक्र वाल्मीकि रामायण में मिलता है।

यह नदी देवई से निकलकर बभनियावां व सुरवारी होते हुए आगे जाकर तमसा में मिल जाती थी।

# न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन होगा पर्यावरण फ्रेंडली

गाजियाबाद, 11 सितंबर (हि.स.)। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडॉर पर बनाया जा रहा न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन पर्यावरण फ्रेंडली होगा। सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस स्टेशन के रूफ शेड पर 900



सोलर पावर पैनल लगाए जायेंगे। जिसके अंतर्गत प्रतिवर्ष साढ़े 6 लाख यूनिट से ज्यादा बिजली पैदा होगी। साथ ही इस स्टेशन पर वर्षाजल संचयन का भी प्रावधान किया जा रहा है, जिसके लिए रेनवॉटर हार्वेस्टिंग पिट्स बनाए जा रहे हैं। साथ ही आस-पास की हरियाली के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि वर्तमान में स्टेशन की छत (रूफ स्ट्रक्चर) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके निर्मित होते ही इसके ऊपर सोलर पावर पैनल स्थापित किए जाएंगे। यहाँ उत्पादित बिजली का इस्तेमाल स्टेशन की लाइटिंग तथा अन्य इलेक्ट्रिकल उपकरणों आदि को चलाने के लिए किया जाएगा।

एनसीआरटीसी द्वारा एक सौर नीति अपनायी गयी है, जिसका लक्ष्य अपने पूरे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडॉर में 11 मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा उत्पन्न करके नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी को बढ़ाना है। इस पहल के अनुरूप ही आरआरटीएस स्टेशनों, डिपो, आरएसएस और अन्य इमारतों के ऊपर सोलर पावर पैनल लगाए जा रहे हैं, जिससे सालाना 11,500 टन सीओ 2 उत्सर्जन में कमी आना अनुमानित है, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा कदम साबित होगा।

उल्लेखनीय है कि अब तक आरआरटीएस कॉरिडोर पर परिचालित सेक्शन के साहिबाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो स्टेशनों के साथ गाजियाबाद व मुरादनगर रिसीविंग सब स्टेशनों तथा आरआरटीएस डिपो में सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जो वर्तमान में सक्रिय हैं। ये कुल मिलकर 3 मेगावाट से अधिक की बिजली उत्पादित कर रहे हैं। अपनी खपत से ज्यादा बिजली उत्पादित करने से ये सभी कार्बन नेगेटिव स्टेशन हैं।

न्यू अशोक नगर स्टेशन पर वर्षाजल संचयन के लिए 5 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पिट्स बनाए जा रहे हैं, जिनमें से तीन का निर्माण पूर्ण हो गया है। ये पिट्स स्टेशन और वायाडक्ट में एकत्रित जल को भूमि के अंदर समाहित कर लेंगे और इस प्रकार जल संग्रहण में अपना योगदान देंगे। एनसीआरटीसी पूरे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर वर्षा जल संचयन के लिए 900 से ज्यादा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पिट्स बना रहा है। इनमें से 80 फीसदी से ज्यादा पिट्स बनकर तैयार हो चुके हैं।

इसके साथ ही न्यू अशोक नगर स्टेशन पर हरियाली के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे। ये पौधे पार्किंग, स्टेशन के नीचे मीडियन में और आस पास लगाए जाएंगे। वैश्विक पर्यावरण संरक्षण लक्ष्यों के अनुरूप हरित और सतत विकास के लिए एनसीआरटीसी सम्पूर्ण आरआरटीएस कॉरिडोर को ईको फ्रेंडली बनाने के लिए दिल्ली से मेरठ तक अब तक ढ़ाई लाख से ज्यादा पौधे लगा चुका है और अन्य निमार्णाधीन स्टेशनों के लिए भी पौधे लगाने का कार्य प्रगति पर है। ये पौधे कॉरिडोर के नीचे सड़क के बीच के मीडियन तथा स्टेशन और डिपो आदि में लगाए जा रहे हैं।

स्वच्छ और हरित पर्यावरण की दिशा की ओर एनसीआरटीसी न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन के लिए आईजीबीसी प्रमाणन की उच्चतम रेटिंग प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। इसे प्राप्त करने के लिए, हरित ऊर्जा के दोहन के लिए स्टेशन की छत पर सौर पैनल लगाए जाएंगे और साथ ही स्टेशन को सुंदर डिजाइन किया जा रहा है जो समग्र यात्री अनुभव को बढ़ाएगा और लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन का निर्माण मौजूदा अशोक नगर मेट्रो स्टेशन के करीब किया जा रहा है। मल्टी मॉडल इंटिग्रेशन के तहत परिवहन के दोनों साधनों के बीच कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए, एनसीआरटीसी आरआरटीएस स्टेशन और मेट्रो स्टेशन के बीच 90 मीटर लंबे और 6 मीटर चौड़े एफओबी का निर्माण कर रहा है, जिसका निर्माण एडवांस स्टेज में है। यह एफओबी मेट्रो स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल को सीधे-सीधे आरआरटीएस स्टेशन से जोड़ेगा। इस एफओबी के माध्यम से यात्री स्टेशन परिसर से बाहर निकले बिना इन परिवहन साधनों में से किसी भी माध्यम में निर्बाध आ-जा सकेंगे। इससे ट्रैफिक जाम और भीड़भाड़ को नियंत्रित करने में भी मदद मिलेगी। यह विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों तथा बच्चों और अधिक सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों के लिए वरदान साबित होगा।

आरआरटीएस के दिल्ली सेक्शन को साहिबाबाद के परिचालित सेक्शन से जोड़ने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पहले ही वायाडक्ट और टनल का निर्माण किया जा चुका है। ट्रैक बिछाने की गतिविधियां चल रही हैं, साथ ही ओएचई और सिग्नल्लिंग का कार्य भी प्रगति पर है। ऐसी आशा है कि नवम्बर माह तक दिल्ली सेक्शन में न्यू अशोक नगर स्टेशन तक ट्रायल आरंभ हो जाएगा।

# प्रयागराज में आर्य समाज के नाम वाली संस्थाओं की जांच का आदेश

## -फर्जी दस्तावेजों पर विवाह कराने के दर्जनों मामले आ रहे हाईकोर्ट
## -पुलिस कमिश्नर को स्वयं की निगरानी में जांच करने का निर्देश
## -फर्जी विवाहों से मानव तस्करी, यौन उत्पीड़न को मिलता है बढ़ावाः हाईकोर्ट

प्रयागराज, 11 सितम्बर (हि.स.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज के विभिन्न मोहल्ले में चल रही आर्य समाज के नाम वाली संस्थाओं की जांच करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिया है कि वह विवाह कराने वाली इन संस्थाओं की विस्तृत जांच करायें। जांच में पता लगाया जाए कि यह संस्थाएं किस नाम और पते के साथ किन क्षेत्रों में चल रही हैं। उनके अध्यक्ष सचिव और पुरोहित जो शादी कराते हैं, के बारे में विस्तृत जानकारी इकट्ठा की जाए। यदि उनका कोई आपराधिक इतिहास है तो उसकी भी जानकारी की जाए।

कोर्ट ने कहा कि यह भी पता लगाया जाए कि घर से भागे हुए लड़के-लड़कियों से यह संस्थाएं किस प्रकार से संपर्क करती हैं। विवाह प्रमाण पत्र के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाने में इनका मददगार कौन है। कौन इन लड़के-लड़कियों को संरक्षण देता है तथा इन संस्थाओं के वित्तीय लेन-देन की भी जानकारी की जाए। कोर्ट ने संस्थाओं द्वारा शादी करवाने के लिए ली जाने वाली फीस (दक्षिणा) की जानकारी भी कराने का निर्देश दिया है। पुलिस कमिश्नर को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में कोर्ट के समक्ष अगली सुनवाई में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

मानसी व अन्य सहित 42 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने यह आदेश दिया। सभी याचिकाओं में एक ही जैसे प्रकरण थे। इन सभी याचियों का कहना था कि उन्होंने परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ जाकर शादी की है। वह बालिग है, उनकी जान को खतरा है। इसलिए उनको सुरक्षा मुहैया कराई जाए। याची मानसी ने आर्य समाज संस्थान नवाब युसूफ रोड सिविल लाइंस प्रयागराज जो कि पंजीकृत संस्था और आर्य प्रतिनिधि सभा लखनऊ से संबद्ध होने का दावा करती है, से शादी करके कोर्ट में विवाह प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।

कोर्ट ने कहा कि इन सभी याचिकाओं में प्रयागराज के विभिन्न मोहल्ले में स्थित आर्य समाज व अन्य नाम से चल रही संस्थाओं से विवाह प्रमाण पत्र लिया गया है। यह सभी संस्थाएं पंजीकृत और आर्य प्रतिनिधि सभा लखनऊ से संबद्ध होने का दावा करती हैं। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने जब इन संस्थाओं द्वारा जारी प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया तो पता चला कि विवाह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत जाकर कराए गए हैं। उनके साथ जो दस्तावेज लगाए गए हैं, विशेष कर आधार कार्ड फर्जी पाए गए। नोटरी पर दिया गया शपथ पत्र भी फर्जी पाया गया। याचियों के नाम और पते भी गलत पाए गए। विवाह पंजीकरण अधिकारी इन्हीं फर्जी दस्तावेजों पर विवाह का पंजीकरण कर रहे हैं।

कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार के विवाहों से मानव तस्करी और यौन उत्पीड़न तथा बंधुआ मजदूरी को बढ़ावा मिलता है। सामाजिक असुरक्षा के कारण नाबालिग भावनात्मक व मनोवैज्ञानिक सदमे का शिकार होती हैं। कोर्ट ने विवाह कराने वाली इन संस्थाओं की विस्तृत जांच में पुलिस कमिश्नर को स्वयं निगरानी करने का निर्देश दिया है तथा कहा है कि अगली सुनवाई पर वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में उपस्थित रह सकते हैं।

# तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में सुरमय भजनों पर श्रावक-श्राविकाएं भक्तिरस में सराबोर

मुरादाबाद, 11 सितम्बर (हि.स.)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में बुधवार को पर्वाधिराज दशलक्षण महामहोत्सव के चतुर्थ दिवस पर उत्तम शौच के रूप में मनाया गया। यूनिवर्सिटी के स्टुडेंट्स की ओर से रिद्धि-सिद्धि भवन में दिव्यघोष के साथ भक्तिमय संगीत से आरती पंच परमेष्ठी और शांतिनाथ भगवान की आरती की गई।

दशलक्षण महामहोत्सव के चतुर्थ दिवस पर उत्तम शौच पर प्रतिष्ठाचार्य ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में हुए देवशास्त्र गुरु पूजन, समुच्चय चौबीसी पूजन, सोलहकारण पूजन, पंचमेरु पूजन और दशलक्षण पूजन विधि-विधान से हुए।

स्टुडेंट्स रश्मि और सजल जैन ने भक्तांबर स्त्रोत का पाठ किया गया। कुलाधिपति सुरेश जैन, वीणा जैन, मनीष जैन, ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन, वीसी प्रो. वीके जैन, करुणा जैन आदि की मौजूदगी रही।

भोपाल से आई सिद्धार्थ जैन एंड पार्टी की ओर से प्रस्तुत सुरमय भजनों जैसे- रंगमा रंगमा..., विद्यासागर नाम जपो रे सुबह शाम रे..., यह अवसर बार-बार न आवे..., पावन हो गयी आत्मा आज मिले है प्रमाताम... आदि पर रिद्धि-सिद्धि भवन श्रीजी की भक्ति में झूम उठा।

प्रथम स्वर्ण कलश से रोहन सराफ, द्वितीय स्वर्ण कलश से अनुष जैन, तृतीय स्वर्ण कलश से ऋषभ जैन और चतुर्थ स्वर्ण कलश से जयंत चौपडा को अभिषेक करने का सौभाग्य मिला।

प्रथम शांति धारा का सौभाग्य- आगम जैन, प्रांशु जैन, अनमोल जैन, वैभव जैन, रवि जैन, पीयूष जैन, आशीष जैन, चरित्र जैन और द्वितीय शांति धारा का सौभाग्य- प्रयास जैन, शुभम जैन, सार्थक जैन, अभिषेक जैन, कुशाग्र पाटनी, मोहित जैन, आर्यन जैन, सक्षम जैन, ऋषि जैन, आदर्श जैन को मिला। श्रावक दक्ष जैन ने तत्वार्थ सूत्र का वाचन किया।

# भगवान श्रीकृष्ण की आल्हादिनी शक्ति हुई अवतरित, 11 क्विंटल पंचामृत से हुआ वृषभानु दुलारी का अभिषेक

मथुरा, 11 सितम्बर(हि.स.)। ब्रज में राधाष्टमी मनाई जा रही है। श्रीकृष्ण जन्म उत्सव के 15 दिन बाद ब्रज में सबसे बड़ा उत्सव आज सम्पन्न हुआ। लाखों की संख्या में श्रद्धालु ब्रजभूमि में पहुंचे हैं। बरसाना में राधारानी के अवतरित होने पर मान, संवासनी, नाइन, नामकरण लीलाओं के पदों का प्रस्तुतिकरण किया गया। बुधवार सुबह चार बजे से मंदिर के गर्भ ग ृह में घंटे-घड़ियाल बजने लगे। भक्त राधारानी के जयकारे लगा रहे थे। सेवायतों ने ब्रजाचार्य नारायन भट्ट द्वारा सात मेवा, सात फल से बारी-बारी से वृषभानु नंदनी के विग्रह का अभिषेक किया। यमुना जी सहित सात नदियों के जल से भी स्नान कराया गया। अभिषेक के उपरांत सुबह 5:30 बजे महारानी को पीले रंग की पोशाक धारण कराई गई। राधा जन्म को



11 क्विंटल पंचामृत से उनका अभिषेक हुआ।

बुधवार भोर में राधाष्टमी पर राधारानी का जन्म हुआ तो हर ओर जयकारे गूंजने लगे। दर्शन के लिए चारों दिशाओं से श्रद्धालु उमड़ पड़े। आराध्य के दर्शन के लिए लाखों की भीड़ उमड़ी। जन्म से पूर्व रात दो बजे लाड़ली मंदिर बधाई गायन के बाद चार बजे वेद मंत्रों से गूंज उठा। रात दो बजे से मंगल बधाइयों का गायन किया गया। इसमें दाई, प्रकट विग्रह को चांदी की चौकी में विराजमान किया तो कमल पुष्पों के सौंदर्य से अपने सौभाग्य पर चौकी मुस्करा उठीं। मंदिर के सेवायत परिवारों के आचार्य वेद मंत्रों का उच्चारण करने लगे। मूल नक्षत्र में जन्मी राधारानी का बुधवार सुबह चार बजे से लगातार एक घंटा अभिषेक किया गया। दूध, दही, शहद, गाय का घी, इत्र, बूरा, 27 पेड़ों की पत्तियां, 27 जगह की रज, 27 कुओं का जल, सप्त अनाज, देखकर श्रद्धालु बरसाने वाली की जय, वृषभानु नंदनी की जय जयकार करने लगे। सेवायतों ने युगल स्वरूप की आरती उतारी। सुबह करीब आठ बजे राधारानी ने शीश महल से भक्तों को दर्शन दिए। कृष्ण की आल्हादिनी शक्ति के अवतरित होने की खुशी में नंदगांव से लोग दूसरे दिन भी बधाई लेकर पहुंचे। वृषभानु जी को लाली के जन्म की बधाई देने के बाद यह लोग वृषभानोत्सव में जमकर थिरके।

# संस्कारशाला में संस्कारित होंगे बच्चे, सीखेंगे नैतिक शिक्षा संस्कार

## -महिला आचार्य गरीब बच्चों के बीच जाकर चलाएंगी संस्कारशाला
## -विश्व हिंदू परिषद ने धर्म ग्रंथों की जानकारी देने का उठाया बीड़ा

मीरजापुर, 11 सितंबर (हि.स.)। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग ने पिछड़े एवं वंचित समाज के बच्चों को शिक्षित व धर्म ग्रंथों की जानकारी देने का बीड़ा उठाया है। बच्चों को संस्कारित किए जाने के लिए संस्कारशाला की दो। धर्म ग्रंथों में वर्णित आदर्श कथाएं सुनकर उनमें सुंदर संस्कार आएंगे।

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग की ओर से तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन इमलहा नाथ महादेव मंदिर दक्षिण फाटक पर किया करेंगी।

विभाग संगठन मंत्री अमित पाठक ने कहा कि प्रशिक्षित महिला आचार्य अपने गांव के अगल-बगल के बच्चों को प्रशिक्षित करेंगी। घर में एक साथ मिलकर भोजन करना चाहिए, एक साथ मिलकर



शुरूआत की गई है। इसके लिए प्रशिक्षित महिला आचार्यो की टोली तैयार की गई है।

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के केंद्रीय प्रशिक्षण टोली की सदस्य सीमा सिंह ने बताया कि गांव-गांव में मिशनरियों एवं अन्य विपरीत विचारधाराओं का मायाजाल फैलता ही जा रहा है, इसलिए विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग ने संस्कारशाला प्रारंभ की है। संस्कारशाला में बच्चे नैतिक शिक्षा संस्कार इत्यादि सीखेंगे। बच्चे कच्ची मिट्टी के जैसे होते हैं, जैसे चाहो वैसे आकृति दे गया। कार्यशाला में 22 महिला आचार्यो को प्रशिक्षित किया गया। केंद्रीय प्रशिक्षण टोली की सदस्य सीमा सिंह ने तीन दिन तक प्रशिक्षण दिया। इसमें इन्होंने गायत्री मंत्र, भारत माता की आरती, गीत, भजन हनुमान चालीसा के साथ कई मंत्रों को कंठस्थ कराया। संस्कार के बार में बताते हुए कहा कि संस्कारशाला गरीब बच्चों के बीच जाकर चलाना है।

जो बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं, उनको ये महिला आचार्य गांव में जाकर प्रशिक्षित रहना चाहिए, घर के बच्चों के अंदर संस्कार कैसे आए आदि प्रमुख बातें बताई। कार्यशाला का संचालन विभाग संयोजक प्रवीण कुमार ने किया। इस दौरान क्षेत्र सेवा प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, प्रांत सेवा प्रमुख अनिल, प्रांत सह सेवा प्रमुख विजय कृष्ण सिंह, विभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ल, जिलाध्यक्ष माता सहाय, जिला मंत्री श्रीकृष्ण सिंह, जिला सह मंत्री अभय शंकर, जिला सेवा प्रमुख डा. पुष्पेंद्र सिंह, जिला सेवा विभाग सदस्य पुनम केशरी आदि उपस्थित थे।

# जीवन में सफलता के शिखर पर ज्ञान के द्वारा ही पहुंचा जा सकता हैं: रोहित अग्रवाल

मुरादाबाद, 11 सितम्बर (हि.स.)। मुरादाबाद इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी में बुधवार को बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को आर्ट आफ लिविंग संस्था द्वारा मोटीवेशनल प्रोग्राम आयोजित हुआ जिसमें संस्था के एक्सपट्र्स द्वारा व्याख्यान दिया गया।

आर्ट आफ लिविंग संस्था के सीनियर फैकेल्टी रोहित अग्रवाल व उनकी टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिसमें विशेष तौर से माइंड मैनेजमेंट पर जोर दिया। जीवन में सफलता के शिखर पर ज्ञान के द्वारा ही पहुंचा जा सकता है, जिसके लिये विचार जो मस्तिष्क में आते है उन पर नियंत्रण आवश्यक हैं। कार्यक्रम में कुल 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सत्र का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के निदेशक डा. रोहित गर्ग द्वारा रोहित अग्रवाल व उनकी टीम का स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डा. सुगंधा अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के रजिस्ट्रार डा. एके सिंह, डा. क्षितिज सिंघल, डा. अनिमेष अग्रवाल, डा. राजुल मिश्रा, डा. मनीष सक्सेना, डा. नितिन कुमार अग्रवाल, डा. मनुज अग्रवाल, मीडिया प्रभारी राकेश राणा शिक्षक, विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

# पूरे प्रदेश में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

## 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर आधारित होगा अभियान

लखनऊ, 11 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर विकास विभाग 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाने जा रहा है। राष्ट्र को स्वच्छता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 155वें जन्मदिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत समस्त नगरीय निकायों में 155 घंटे का नॉन-स्टॉप सफाई अभियान चलाकर श्रद्धांजलि दी जाएगी। 15 दिवसीय यह अभियान दैनिक आधार पर थीम आधारित आईईसी गतिविधियों के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा।



नगर विकास विभाग को मुख्यमंत्री ने साफ निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान प्रदेश के सभी शहरों को स्वच्छ रखा जाए। इस बार स्वच्छता ही सेवा वर्ष-2024 अभियान की थीम 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' है। स्वच्छता की भागीदारी के अंतर्गत मंत्रिगण, जनप्रतिनिधियों, अधिकारीगणों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं व स्कूल कॉलेजों द्वारा विभिन्न स्थलों पर श्रमदान करते हुए साफ-सफाई का आयोजन किया जाएगा। युवाओं की भागीदारी एवं स्वच्छता की जागरूकता के लिए विभिन्न आईईसी कार्यक्रम कराए जाएंगे।

आईईसी कार्यक्रम के तहत प्लॉगरन, मैराथन, साईक्लॉथान, पौधरोपड़, जीरो वेस्ट इवेंट के साथ ही स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों द्वारा वार्डो में जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह भी बताया गया कि वर्तमान में लगभग 5000 स्वच्छ सारथी क्लब प्रदेश में स्थापित किये गये हैं। विभिन्न अभियानों के माध्यम से क्लबों की सहभागिता करायी जायेगी। स्कूल परिसरों को प्लास्टिक मुक्त, शिक्षण संस्थानों के परिसर की साफ-सफाई तथा छात्रों को स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिलायी जायेगी।

संपूर्ण स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बड़े पैमाने पर सार्वजनिक स्थान, सरकारी कार्यालय, बाजार, शिक्षण संस्थानों, चिड़ियाघर, गंगा टाउन-घाट, जल निकाय, पर्यटन स्थल, धार्मिक, आध्यात्मिक विरासत स्थल, सभी शौचालयों आदि में स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। प्रत्येक वार्ड में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति का गठन किया गया है, जो प्रत्येक वार्ड में स्वच्छ घर हेतु सर्वेक्षण में भूमिका निभाएगी व प्रत्येक वार्ड में सर्वश्रेष्ठ 3 घरों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करेगी। साथ ही प्रत्येक वार्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित भी किया जायेगा। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अंतर्गत स्वच्छता कर्मियों की स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य बीमा कराया जायेगा तथा उनके लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जायेगा।

# कालिंजर दुर्ग के पास स्थापित होगी रानी दुर्गावती की प्रतिमा

बांदा, 11 सितंबर (हि.स.)। बांदा की बेटी रानी दुर्गावती के साहस और बलिदान को हमेशा याद रखने के उद्देश्य से ऐतिहासिक कालिंजर दुर्ग के पास रानी दुर्गावती की विशाल प्रतिमा स्थापित की जा रही है। 28.65 की लागत से यह प्रतिमा बनेगी। बुधवार को पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने भूमि पूजन के बाद शिलान्यास किया। रानी दुर्गावती, भारतीय इतिहास की एक ऐसी वीरांगना थीं, जिन्होंने अपने साहस, पराक्रम और आत्मसम्मान की मिसाल पेश की।

उनका जन्म 05 अक्टूबर, 1524 को कालिंजर दुर्ग में हुआ था। रानी दुर्गावती के पिता, महाराज कीर्तिसिंह द्वितीय चंदेल, महोबा साम्राज्य के राजपूत राजा थे। मध्यकालीन भारत के पुरुष प्रधान समाज में रानी दुर्गावती ने अपने राज्य और सम्मान की रक्षा के लिए मुगल सम्राट अकबर जैसे शक्तिशाली शासकों का भी बहादुरी से सामना किया। उनके अद्वितीय शौर्य को देखकर अकबर ने भी उनकी वीरता के आगे हार मान ली थी।

रानी दुर्गावती का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। अपने पति की मृत्यु के बाद, उन्होंने गोंडवाना राज्य की कमान संभाली और राज्य की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण युद्ध लड़े। अंततः उन्होंने मुगलों से युद्ध करते हुए वीरगति प्राप्त की, लेकिन अपने साहस और बलिदान से उन्होंने इतिहास के पन्नों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। रानी दुर्गावती का नाम आज भी महिलाओं के सशक्तिकरण और वीरता के प्रतीक के रूप में लिया जाता है।

रानी दुर्गावती की इसी वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए, कालिंजर दुर्ग में उनकी विशाल प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

इसका शिलान्यास बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद आर.के. सिंह पटेल ने किया। प्रतिमा का निर्माण 28.65 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा, जिसमें 50 प्रतिशत धनराशि, यानि 14.33 लाख रुपये, स्थानीय विधायक निधि से और शेष 14.33 लाख रुपये पर्यटन विभाग द्वारा वित्त पोषित किए जाएंगे। यह जानकारी क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने दी।

यह प्रतिमा कालिंजर दुर्ग में आने वाले पर्यटकों के लिए एक बड़ा आकर्षण साबित होगी। इसके माध्यम से न केवल रानी दुर्गावती के बलिदान और वीरता की यादें ताजा होंगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण का संदेश भी आमजन तक पहुंचेगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री ठा. जयवीर सिंह का भी आशीर्वाद प्राप्त है।

बुंदेलखंड के लिए यह प्रतिमा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक बनेगी।

रानी दुर्गावती की मूर्ति, जो इस क्षेत्र की माटी में जन्मी महान वीरांगना की याद दिलाएगी, आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। कार्यक्रम में नरैनी क्षेत्र की भाजपा विधायक ओम मणि वर्मा, भाजपा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष और जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जगराम सिंह तथा क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्स अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें : संदीप वर्मा

मुरादाबाद, 11 सितम्बर (हि.स.)। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज मुरादाबाद में बुधवार को एनसीसी के बरेली ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संदीप वर्मा का आगमन हुआ। उन्होंने परेड का वार्षिक निरीक्षण कर एनसीसी कैडेटों को संबोधित किया।

ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संदीप वर्मा ने कैडटों से कहा यह समय आपके करियर को तराशने का है आपको अपना लक्ष्य तय करना होगा और उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी और एनसीसी के माध्यम से आप अपने करियर को नई ऊंचाइयां दे सकते हैं आप जीवन में किसी भी क्षेत्र में जाएं एनसीसी प्रशिक्षण के दौरान जो आपको सीख मिलेगी और अनुभव प्राप्त होगा वह आपके जीवन भर आपके काम आएगा।

इसलिए एनसीसी की जो भी ट्रेनिंग दी जाए उसे वह पूरे मनोयोग से सीखे और उसका लाभ उठाएं।

ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर ने आगे बताया कि आज एनसीसी कैडेट्स को शिक्षा के क्षेत्र में, सरकारी,अर्द्ध सरकारी व प्राइवेट सेक्टर में भर्ती के समय वरीयता दी जाती हैं।

एनसीसी कैडेट को उसका लाभ उठाकर अपना करियर बनाना चाहिए।

मेजर राजीव ढल नें कहा की राष्ट्र के पुनःनिर्माण में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में एनसीसी कैडेट की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका हैं। भारत आज युवाओं का देश है यहां की 65 प्रतिशत आबादी युवा हैं। किसी भी राष्ट्र के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। 23 यूपी बटालियन एनसीसी के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल गौरव गुप्ता ने भी कैडटों को मोटिवेट किया।

इस मौके पर महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला प्रधानाचार्य मेजर राजीव ढल, सूबेदार राजेंद्र सिंह, नायब सूबेदार उत्तम, सीएचएम एलएन मौर्य, हवलदार संजय सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। पायलटिंग का कार्य अंडर ऑफिसर सावन कुमार व अमन कुमार नें किया।

# बौद्ध सर्किट के लिए बनी 17.93 करोड़ की योजना प्रसाद का सर्वेक्षण शुरू

कुशीनगर, 11 सितंबर (हि.स.)। बौद्ध सर्किट के प्रमुख मार्गों पर पर्यटकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार आगे आई है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने इसके लिए

17.93 करोड़ की लागत वाली तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान ह्यप्रसादह्न परियोजना बनाई है। इसके लिए राज्य सरकार ने सर्वेक्षण शुरू कर दिया है।

च ा र ा ि न ा त ा वाराणसीझगया,लखनऊझअयोध्या, गोरखपुरझकुशीनगर, कुशीनगरझगया मार्ग पर पर्यटन आधारित मूलभूत सुविधाओं की स्थापना के लिए बनी इस योजना की धनराशि से तीर्थयात्रियों को सड़क पर उच्चस्तरीय प्रसाधन, कैफेटेरिया, साइनेज, वाहन मेंटीनेंस, पार्किंग, पार्क, आकस्मिक चिकित्सा आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। ताकि पर्यटक यात्रा के दौरान रिफ्रेश हो सके और उनकी यात्रा आरामदायक व सुगम हो। इस दौरान पर्यटक स्थानीय रहन सहन, भाषा, बोली और संस्कृति और क्षेत्र विशेष के भूगोल से भी अवगत हो देश की विविधता को जान समझ सकेंगे।

अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की बौद्ध तीर्थस्थली कुशीनगर में बिहार के प. चंपारण जिले स्टेट हाइवे और गोपालगंज जिले नेशनल हाइवे के रास्ते से बौद्ध देशों के पर्यटकों का आवागमन होता है। इन दोनों मार्गों पर सड़क के एक सौ मीटर भीतर सुविधाएं पीपीपी माडल यानी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के अंतर्गत सुविधाएं विकसित की जायेंगी। इसके चयन के लिए मानक पूरा करने वाले ढाबा या रेस्टोरेंट प्रबंधकों से प्रारंभिक बातचीत की जा रही है। इस संबंध में क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया की योजना अभी प्रारंभिक दौर में है। सर्वेक्षण की कारवाई चल रही है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर्यटन निदेशालय आगे की कार्यवाही करेगा।

इनसेटझ

योजना से होगी सहूलियतः बौद्ध भिक्षु अशोक ने बताया कि योजना से पर्यटकों को बहुत सहूलियत होगी। बौद्ध सर्किट के कुशीनगर, सारनाथ, बोधगया, श्रावस्ती, संकिसा, कपिलवस्तु और नेपाल का लुंबनी सड़क मार्ग से एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। किसी एक स्थान विशेष की यात्रा के लिए पर्यटक सीधी हवाई सेवा का प्रयोग कर पुनः गंतव्य के लिए लौट जाते हैं। किंतु एक से अधिक जगहों की यात्रा करने के लिए पर्यटक सड़क मार्ग का उपयोग करते हैं। म्यांमार, थाइलैंड, दक्षिणी कोरिया, वियतनाम, श्रीलंका, भूटान, नेपाल, ताइवान, लाओस के सर्वाधिक पर्यटक सड़क मार्ग से यात्रा करते हैं।

## मेला रिसीवर शिविर में 17 सितंबर को हिंदी प्रोत्साहन कार्यक्रम

हाथरस ।श्री दाऊजी राजकीय मेला हाथरस के रिसीवर शिविर में 17 सितंबर को सुबह 10:00 से 1:00 तक हिंदी प्रोत्साहन कार्यक्रम होगा । जिसमें जनपद भर के कक्षा 5 ,8, 10 एवं 12 के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिनके हिंदी विषय में 80%अंक से अधिक होंगे ।सर्वाधिक अंक वाले पांच छात्र-छात्राओं को हिंदी शब्दकोश भी प्रदान किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र दीक्षित शूल ने सादाबाद से जयप्रकाश पचौरी , हाथरस से देवेश सिसोदिया एवं सासनी से शायर हनीफ संदली,और मैडू से बब्बी पंडित को सहसंयोजक नियुक्त किया है।

# शरणागति से मिलती है श्रीजी की भक्तिः चंचलापति दास

## हर्षोंउल्लास के साथ मना चंद्रोदय मंदिर में राधाष्टमी महामहोत्सव

### फूल बंगला, 56 भोग, झूलन उत्सव, महाभिषेक, हरिनाम संकीर्तन रहा आकर्षण का केन्द्र

वृन्दावन। ब्रज मंडल की अधिष्ठात्री देवी श्रीमती राधारानी का जन्मोत्सव सम्पूर्ण ब्रज में आनंद और उल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में भक्ति वेदांत स्वामी मार्ग स्थित चंद्रोदय मंदिर के भक्तों द्वारा भगवान भगवान श्रीकृष्ण पूर्ण पुरूषोत्तम हैं। भगवान श्रीकृष्ण जब ब्रज मण्डल में अवतरित हुए तो उनके साथ लीला में सहयोग करने हेतु श्रीमती राधारानी का आविर्भाव हुआ। उन्होंने कहा कि आचार्य जो शास्त्र की मयार्दा को समझते कृष्ण भक्तों के लिए राधाष्टमी, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद दूसरा बड़ा उत्सव होता है। इस मौके पर चंद्रोदय मंदिर में श्रीराधारानी एवं ठाकुर श्रीवृन्दावन चंद्र को गुलाबी एवं नील वर्ण के रेशम युक्त रजत से



श्रीकृष्ण की आल्हादिनी शक्ति श्रीमती राधारानी के प्राकट्योत्सव को राधाष्टमी महामहोत्सव के रूप में बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया।

भक्तों द्वारा मंदिर प्रांगण को पुष्पों का चयन कर बड़े ही मनोहारी रूप में सुसज्जित किया गया। इस महामहोत्सव के पावन पर्व पर प्रातः काल मंगला आरती, श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र की धूप आरती, नवीन पोशाक धारण, फूल बंगला, छप्पन भोग, पालकी उत्सव, झूलन उत्सव, भजन संध्या, महाभिषेक एवं अखण्ड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया।

भक्तों को सम्बोधित करते हुए चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष श्री चंचलापति दास ने बताया कि हैं वो राधा कृष्ण के विषय को प्रकाशित नहीं करते हैं। श्रीराधा और कृष्ण को समझने के लिए अंतःकरण शुद्ध होना अत्यंत आवश्यक है। हम जैसे समान्य जीव राधा कृष्ण की लीला को समझने के योग्य नहीं हैं। किन्तु हम यदि आचार्यों द्वारा बताए गए भक्ति के मार्ग का पालन, शास्त्रों का अध्ययन करते हैं, तो हम उनकी कृपा के स्वरूप भगवान की लीलाओं को समझ सकते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी की भक्ति ही प्रेमाभक्ति है। जब हम महामंत्र का जप पूर्ण श्रद्धा, शरणागति और स्वयं को दैन्य मानकर करते है। तब हमें श्रीकृष्ण और राधा जी के भक्ति मार्ग में उनकी कृपा से प्रवेश मिलता है।

कढ़ाई किए हुए वस्त्र धारण कराए गए। इसके उपरांत चंद्रोदय मंदिर के उत्सव हॉल में श्रीमती राधारानी एवं ठाकुर श्री राधा वृन्दावन चंद्र के श्रीविग्रह का महाभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण, पंचामृत, शहद, बूरा, विभिन्न प्रकार के फलों के रस, विभिन्न जड़ी बूटियों एवं फूलों से महाभिषेक कि प्रक्रिया को सम्पन्न कराया गया।

इस राधाष्टमी के विशेष अवसर पर हरिनाम संकीर्तन में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं भाव विभोर होकर नृत्य करते नजर आये। उत्सव में सम्मिलित होने के लिए पंजाब, हरियाण, दिल्ली, मध्यप्रदेश, राजस्थान, आगरा एवं फरीदाबाद के भी भक्तगण वृन्दावन पहुंचे।

# श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पर श्रीराधाजी के जन्म की धूम। - जन्मभूमि पर हो रही थी रावल बरसाने की अनुभूति।

मथुरा। भाद्रपद शुक्ल अष्टमी तद्नु सार दिनांक 11 सितम्बर 2024 बुधवार को श्रीकृष्ण-जन्मभूमि पर श्रीराधाष्टमी महोत्सव पौराणिक मान्यताओं एवं शास्त्रीय मयार्दाओं के अनुरूप बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया।

घण्टे, घडियाल, ढोल, नगाड़े, मजीरे की मंगल ध्वनि के मध्य प्रातः 9:00 बजे राधा स्वरूप धारण कर विराजमान भगवान श्रीकेशवदेवजी महाराज का दिव्य पंचामृत अभिषेक किया गया। राधा स्वरूप में भगवान श्रीकेशवदेवजी के दर्शन अत्यन्त मनोहारी और भक्तों को आनन्दित कर रहे थे। सर्वेश्वरी श्रीराधाजी और सर्वेश्वर श्रीकृष्ण दोनों एक ही हैं, सन्त और वैष्णवों के ऐसे भाव के दर्शन आज श्रीराधा रूप में विराजमान भगवान श्रीकेशवदेव जी महाराज के दर्शन से हो रहे थे, तदुपरान्त भगवान श्रीकेशवदेवजी मंदिर से चाव (बधाई) सामग्री सुन्दर डलियों एवं थालों में सजाकर ब्रजवासी भक्तजन मंगल ध्वनि के मध्य उद्दाम नृत्य-गायन, संकीर्तन करते हुऐ भागवत भवन में पधारे। भागवत भवन में विराजमान प्रत्यक्ष रूप श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार के समक्ष दिव्य भजन और बधाई गायन ब्रज की सुप्रसिद्ध भजन-गायिका श्रीमती शालिनी शर्मा द्वारा किया गया। 11:30 बजे श्रीसूक्त आदि मंगल पाठों के मध्य भगवान श्रीराधाजी के प्रत्यक्ष स्वरूप का पुष्पार्चन किया गया तदुपरान्त श्रीकिशोरी जी की प्राकट्य आरती हुई इसके पश्चात कमल पुष्प में विराजित श्रीराधाजी के चल श्रीविग्रह अभिषेक स्थल पर पधारे। वृहद अभिषेक सामग्री से संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा एवं सदस्य श्री गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी तथा मंदिर के पूजाचार्यो ने श्रीराधाजी का जन्ममहाभिषेक किया।

जन्माभिषेक के मध्य शास्त्रीय मंत्रों की गूंज, झाँझ, मजीरे एवं मृदंग की ध्वनि से झूमते-नाचते श्रद्धालू संपूर्ण वातावरण को भावमय कर रहे थे। श्रद्धालुओं से खचाखच भरे भागवत भवन में निरन्तर पुष्प एवं मालाओं की बरसात हो रही थी। दिव्य श्रृंगार, पोशाक एवं भव्य पुष्प सज्जा के मध्य विराजमान युगल सरकार श्रीश्यामा-श्याम जू की छवि प्रभू के साक्षात दर्शन का आभास भक्तों को करा रही थी।

मंदिर प्रांगण में अद्भुद बधाई गायन के मध्य श्रद्धालुओं को बहुत बड़ी मात्रा में फल, मिष्ठान, वस्त्र, खिलौने, पुष्प-माला बधाई स्वरूप प्रदान की गयी। श्रीकिशोरी जी के स्वरूप एवं श्रद्धालुओं के भाव, उद्दाम नृत्य, अदभुद गायन को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि श्रीबरसाना धाम और श्रीरावल धाम दोनों ही, भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर उपस्थित हों।

श्रीराधाष्टमी के पवित्र अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने वृहद मात्रा में प्रसादी-भण्डारे की व्यवस्था की। उत्सव एवं प्रसादी भण्डारे में श्री राजीव गुप्ता का विशिष्ट सहयोग प्राप्त हुआ। प्रातः 8:00 बजे से ही सन्त, वैष्णव भक्तजन श्रीकिशोरजी के जन्म महोत्सव के भण्डारे में प्रसाद प्राप्त कर अभिभूत हुऐ।

श्रीराधा जन्म महोत्सव को भव्य और दिव्य रूप से मनाने में संस्थान के सदस्य डा० रोशन लाल, उप मुख्य अधिशाषी श्री अनुराग पाठक, श्री कन्हैयालाल रंगवाले, श्री अनिलभाई, श्री पंकज अग्रवाल, श्री गौरव अग्रवाल टैन्ट वाले आदि का विशेष सहयोग रहा।

# अखाड़े में पहलवानों ने दिखाए कुश्ती के दाव पेच

## पहलवानो के हाथ मिलवाते अपर पुलिस अधीक्षक व दंगल संयोजक -अखाड़े में कुश्ती के दाव पेच दिखाते पहलवान

हाथरस। बृज के लख्खी मेंला श्री दाऊ जी महाराज में अखिल भारतीय विराट बुर्ज कुश्ती दंगल के दूसरे दिन भी अखाड़े में कुश्ती लड़ने कई पहलवान उतरे। अन्य प्रदेशों के पहलवान एवँ आसपास जिले के पहलवान भी कुश्ती लड़ने मेला पंडाल के दंगल में पहुँचे। देर रात तक पहलवानों की कुस्तियाँ होती रही।

पंडाल और दर्शक दीर्घा में दंगल देखने वालों की भारी भीड़ डटी रही और दंगल का आंनद लेती रही। दंगल कमेटी के लोग एवँ पुलिस प्रशासन व्यवस्थाओं में जुटे रहे। दंगल प्रांगड़ में राजनेता एवँ समाजसेवी , उधोगपति भी पहुँचे। आज दंगल में 5100 व 11000 हजार की कई कुश्तियां हुई।

पूर्व विधायक राजवीर पहलवान के पुत्र सीए मानवीर सिंह ने दिल्ली के पहलवान विक्की व मथुरा बरौली के पहलवान आकाश का हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरू कराई । विजयी पहलवानों को हाथ के हाथ इनाम की राशि दी गई।

इस अवसर पर दंगल संयोजक मनोज अग्निहोत्री , संरक्षक पूर्व विधायक राजवीर पहलवान , देवेंद्र शर्मा ,जय शर्मा ,नवीन सबलोक ,सुनील पंडित ,प्रवीन खंडेलवाल ,मानवीर सिंह , अमन बंसल , विष्णु अग्निहोत्री , धीरेन्द्र सिंह चौहान , अनिल श्रोती उमाशंकर गुप्ता , मुरारी लाल पचौरी , प्रबल प्रताप , यादवेंद्र अग्निहोत्री , तरूण शर्मा , विष्णु अग्निहोत्री , हरिगोपाल अग्निहोत्री , दीपक पवार , राजीव राणा , वीरेंद्र माहौर , मुकेश बंसल , शुभम एलानी , भोला वार्ष्णेय ,मनोज अग्रवाल राया वाले ,दुर्गेश गुप्ता , शरद तिवारी ,रबी जोशी , भानु , टिंकू राना, दंगल मीडिया प्रभारी आशीष सेंगर मौजूद रहे।

# करंट से युवक की मृत्यु, परिरवार में मचा कोहराम

## कूलर घुमाते समय लगा करंट, शव फिरोजाबाद भेजा

शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र के गांव उरमुरा किरार में एक युवक मंगलवार शाम साढ़े सात बजे घर पर कूलर घुमा रहा था, तभी उसे करंट लग गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेजा है।

उरमुरा किरार निवासी जितेंद्र कुमार (30) पुत्र अतर सिंह अपने घर पर मंगलवार शाम साढ़े सात बजे चारपाई पर लेटा हुआ था। गर्मी अधिक होने के कारण उसने कूलर को अपनी तरफ करने के लिए उसे पकड़ कर घुमाया। जैसे ही उसने कूलर को पकड़ा उसे तेज करंट लगा और फर्श पर गिर पड़ा। जिससे वह अचेत हो गया। जानकारी होने पर परिजन उसको लेकर अस्पताल आते, इससे पहले ही उसकी मृत्यु हो गई। युवक की मृत्यु से परिवार में चीख पुकार मच गई। युवक की करंट लगने से मृत्यु की जानकारी थाना पुलिस को हुई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक की पत्नी सोनम, बेटा सचिन (7) और बेटी सुरिची है। तीनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# समाजसेवी सुनीत आर्य के नेतृत्व में हुआ अज्ञात का दाहसंस्कार

## समाजसेवी सुनीत आर्य अपनी टीम के साथ

हाथरस। अज्ञात शव को एडीएचआर की देखरेख और समाजसेवी सुनीत आर्य के नेतृत्व में दाहसंस्कार किया गया जिसके दाहसंस्कार की व्यवस्था मे एडीएचआर के पदाधिकारी महेश चंद्र अग्रवाल व अभिषेक अग्रवाल का पूर्णरूपेण सहयोग रहा

सादाबाद कोतवाली के अंतर्गत 40 वर्षीय व्यक्ति का शव 7-8 सितंबर की रात्रि सादाबाद आगरा हाईवे पर नगला झुन्ना के निकट मिला जिसका एक्सीडेंट हो गया था व्यक्ति ने काली जींस नीली शर्ट पहन रखी थी दाहिने हाथ पर राम प्रकाश लिखा हुआ था,पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त न होने के कारण शव को थाना पुलिस द्वारा लावारिस घोषित कर समाजसेवी सुनीत आर्य व प्रवीन वार्ष्णेय से शव के अंतिम संस्कार के लिए अनुरोध किया गया समाजसेवियों द्वारा उपरोक्त शव का हिंदू रीति रिवाज दाहसंस्कार किया

समाजसेवी सुनीत आर्या,प्रवीन वार्ष्णेय राष्ट्रीय महासचिव एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स,एनएसएस अध्यक्ष सुनील अग्रवाल,आयोग दीपक ,बंटी भाई कपड़े वाले,साथ में तरूण राघव,नीरज गोयल,निष्कर्ष गर्ग कांस्टेबल 863 आशीष चौधरी, होमगार्ड936 ओमवीर शर्मा मौजूद रहे

# मोहल्ला बारहसैनी में घरों के अंदर घुसा गंदा पानी, नागरिक हुए परेशान

## जलभराव में घर लौटते नन्हे मुन्ने

हाथरस।नगर के मोहल्ला बारहसैनी के वाशिंदे पिछले कई साल से जलभराव की समस्या से निरंतर परेशान बने हुए हैं। बुधवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद एक बार फिर मोहल्ला बारह सैनी एक टापू जैसा नजर आने लगा। मोहल्ले की सभी गलियों में बारिश का पानी भर गया। नालियों का गंदा पानी घरों के अंदर घुस जाने से हालात बद से बदतर हो गए हैं। इस समस्या को लेकर नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ऐसा नहीं है कि यह समस्या जिम्मेदार लोगों के संज्ञान में नहीं है। छोटे-बड़े सभी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों तक मोहल्ले के लोग इस समस्या को लेकर आवाज उठा चुके हैं । परंतु कोई हल नहीं निकला। मोहल्ला बारह सैनी में जलभराव की समस्या का मूल कारण जल निकासी की उचित व्यवस्था न होना है। गौरतलब है कि मोहल्ला बारह सैनी से सटे हुए तालाब पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखा है और बहुत से लोगों के मकान भी इस तालाब में बन चुके हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से यह समस्या लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही है । अब हालात इतने खराब हो गए हैं कि जरा सी बारिश होने पर मोहल्ला बारह सैनी ही नहीं बल्कि रोशनगंज एवं अनल कॉलोनी में घरों के अंदर तक बारिश का पानी भर जाता है ।

बारिश के पानी में से होकर ही लोगों को गुजरना पड़ता है। कई दिन तक जल भराव की स्थिति रहती है।

# महिला सम्मेलन का आयोजन

हाथरस।दाऊजी महाराज के मेला शिविर में महिला सम्मेलन का आयोजन हुआ कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सीमा उपाध्याय ने किया ,कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख श्रीमती पूनम पांडे ने की वही कार्यक्रम समन्वयक जिला प्रोबेशन अधिकारी सीमा मौर्य जी रहीं, कार्यक्रम संयोजक स्मृति पाठक व रितु गौतम जी ने कार्यक्रम का सफल सञ्चालन किया , कार्यक्रम में यूसीएमके की प्रधानाचार्य श्रीमती भारती कौशिक , सुरजो बाई इंटर कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती सुधा गुप्ता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजक डॉक्टर ऊषा पाठक व राष्ट्रीय कवित्री मनु दीक्षित ने महिला उठान के ऊपर अपने विचार रखे , सम्मलेन में विभिन्न विद्यालय के विद्यार्थियों ने मेहंदी प्रतियोगिता, आदि कार्यक्रम पर प्रस्तुतियां दी, कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री बबीता वर्मा, प्रमोद कुमारी सेंगर, कमलेश शर्मा, सुशील चौहान, अनीता वर्मा, अनीता सिंह, संतोष जोशी, मनीष गोस्वामी, प्रिया मित्तल, आदि की विशेष उपस्थिति रही

# हाथरस कौ इतिहास कार्यक्रम का आयोजन

हाथरस। श्री दाऊ जी महाराज मेले के प्रेसिडेंट शिविर में कार्यक्रम संयोजका कवित्री श्री मती मनु दीक्षित के नेतृत्व में हाथरस कौ इतिहास कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि रामेश्वर उपाध्यय ब्लॉक प्रमुख, श्री मती डौली माहौर ब्रज क्षेत्र मंत्री, बासुदेव माहौर शामिल हुए, कार्यक्रम में हाथरस के इतिहास के बारे में विस्त्रत जानकारी दी गई , कार्यक्रम में पधारे छात्र छात्राओं का पुरस्कार दिया वही कार्यक्रम सयोजिका श्री मती मनु दीक्षित कवित्री एवम् सुनील दीक्षित ने सभी कवियों एवं एवं सभी सम्माननीय अतिथियों का तस्वीर भेट कर सम्मान किया, कार्यक्रम में सर्व श्री राम गोपाल दीक्षित चन्द्र गुप्त विक्रमादित्य विजय प्रेमी जी प्रेम सिंह यादव, कवि चाचा हाथरसी, बासदेव उपाध्याय डा उपेन्द्र झा मीरा दीक्षित आदि ने कविताएं प्रस्तुत की, कार्यक्रम का सफल संचालन आशु कवि अनिल बौहरे ने किया।

# जिलाधिकारी ने नगर पंचायत अध्यक्षों एवं ईओ के साथ स्थानीय निकायों के प्रगति की समीक्षा की

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय के सभागार में स्थानीय निकायों के प्रगति के सम्बन्ध में नगर पंचायत अध्यक्षों एवं अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक की। आपस में समन्वय स्थापित कर नगर पंचायतों के कार्यो को कराया जाये। नगर पंचायत रामगंज के अध्यक्ष ने शिकायत किया कि मैरेज हाल बन गया है लेकिन अभी तक हैण्डओवर नही किया गया है जिस पर में तेजी लाये जिससे छुट्टा पशुओं को संरक्षित किया जा सके। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि नगर पंचायतों के विभिन्न चौराहों और कस्बो में जो भी छुट्टा जानवर घूम रहे है उन्हें पकड़कर गौशाला में बंद किया



बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पंचायतों में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यो के सम्बन्ध में नगर पंचायतवार जानकारी प्राप्त की। नगर पंचायत अध्यक्षों ने नगरीय निकायों में विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों के सम्बन्ध में अपनी-अपनी बाते जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की। ढकवा नगर पंचायत के अध्यक्ष ने शिकायत किया कि ईओ ढकवा पुराने कार्यालय को नवनिर्मित नगर पंचायत में शिफ्ट नही कर रहे और कर्मचारियों द्वारा भी कार्यो में लापरवाही बरती जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ ढकवा को निर्देशित किया कि पुराने कार्यालय को एक सप्ताह के अन्दर नवनिर्मित नगर पंचायत में शिफ्ट करायें और बोर्ड की बैठक भी करायें तथा जिलाधिकारी ने ईओ को निर्देशित किया कि संस्था से वार्ता कर मैरेज हाल को हैण्डओवर करायें। नगर पंचायत अध्यक्ष कुण्डा ने कहा कि नगर पंचायत कुण्डा में पार्क बनने हेतु अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ कुण्डा को निर्देशित किया पार्क बनाने हेतु प्रस्ताव भेजा जाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने नगर पंचायतों में कराये जा रहे इण्टरलाकिंग, नाली निर्माण, कान्हा गौशाला, पार्क निर्माण, पेयजल योजना, जल निकासी, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी आदि के कार्यो/योजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं के निर्माण कार्य जाये जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत अध्यक्षों से कहा कि यदि किसी भी नगर पंचायत में कोई समस्या आ रही है तो अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) से मिलकर समस्या का समाधान करायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्षों द्वारा जो भी सुझाव एवं समस्या बतायी जाये उसका गम्भीरतापूर्वक अनुपालन कराया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, अधिशासी अभियन्ता आरईएस सुजीत कुमार राय, एल0बी0सी0 पंकज कुमार श्रीवास्तव सहित नगर पंचायतों के अध्यक्ष, समस्त अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

# ओम संस्कृति श्रीवास्तव , राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान संगोष्ठी के लिए चयन,खुशी की लहर

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ। जिले की छात्राओं ने राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज, यूपी में राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी2024 का आयोजन किया गया जिसमें सभी मंडलों प्रयागराज द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत किया । साथ ही साथ राज्य स्तर की दूसरी प्रतिभागी कुमारी वर्षा कौशल राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ को उनके जोशीले और प्रभावपूर्ण एवं विशेष प्रदर्शन के पर आदरणीय ओमकार राणा जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़, श्री आर पी सरोज सह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़, कुलश्रेष्ठ तिवारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, डॉ विंध्याचल



के चयनित प्रथम और द्वितीय छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए,। राज्य स्तरीय संगोष्ठी में अपने प्रभावपूर्ण और बेहतरीन प्रस्तुति के माध्यम से ओम संस्कृति श्रीवास्तव अच्छा 10 अमर जनता इंटर कॉलेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ ने प्रयागराज मंडल एवं जनपद का नाम रोशन किया। और प्रथम स्थान पाकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। सम्मानित एवम पुरुष्कृत हुई। श्री अनिल भूषण चतुर्वेदी निदेशक राज्य शिक्षा संस्थान प्रयागराज एवं श्री भगवती सिंह सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लिए भी सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। मंडल प्रयागराज का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ स्निग्धा पांडेय प्रधानाचार्य अमर जनता कटरा गुलाब सिंह एवं डॉक्टर मोहम्मद अनीस उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ ने बताया कि नेशनल स्तर की विज्ञान संगोष्ठी के लिए चयनित प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा कुमारी ओम संस्कृति श्रीवास्तव, 20 नवंबर 2024 को नेहरू साइंस सेंटर मुंबई में राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार में अपने गाइड शिक्षक के साथ प्रतिभाग करेंगे। जनपद की माध्यमिक शिक्षा विभाग की इस बड़ी उपलब्धि सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़,श्रीमती गीता प्रधानाचार्य एवं डॉ मोहम्मद अनीस उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, डॉ स्निग्धा पांडेय प्रधानाचार्य अमर जनता इंटर कॉलेज कटरा गुलाब सिंह, श्री शिशिर श्रीवास्तव , शिखा त्रिपाठी , नेहा श्रीवास्तव, उमर जमील, सीमा तबस्सुम एवं अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारियों और प्रधानाचायों ने बधाई एवम शुभकामना दिए और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सत्यापन में लापरवाही पर छह अफसरों को रिमाइंडर भेजा

हाथरस। वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक ग्राम पंचायतों में बनाए गए या निमार्णाधीन अंत्येष्टि स्थलों के सत्यापन की रिपोर्ट न मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी ने छह अफसरों को रिमाइंडर जारी किया है। सीडीओ साहित्यप्रकाश मिश्र ने बताया कि अंत्येष्टि स्थलों के सत्यापन के लिए जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीआईओएस, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया था, लेकिन अभी तक सत्यापन अधिकारियों ने गुणवत्ता व प्रयोग की स्थिति की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई है।

अब सीडीओ ने इन अफसरों को रिमाइंडर जारी करते हुए तीन दिन के अंदर सत्यापन की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। ऐसा नहीं करने पर इनके खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

# दंगल में विदेशी पहलवानों की कुश्ती आज

हाथरस। बृज के लख्खी मेंला श्री दाऊ जी महाराज में अखिल भारतीय विराट बुर्ज कुश्ती दंगल के अखाड़े में विदेशी पहलवान उतरेगे ।

दंगल संयोजक मनोज अग्निहोत्री ने बताया कि दंगल में इस बार तीन विदेशी पहलवानों की कुश्ती देखने को मिलेगी। 12 सितंबर को ईरान देश के पहलवान रिजा ,हुसैन और इरफान दंगल के अखाड़े में उतरेंगे। दंगल संयोजक ने दंगल प्रेमियों एवँ जनता जनार्दन से अपील की है कि मेला प्रांगण स्थित दंगल में आकर इन कुस्तीयों का आनंद लें।

